page 1_Layout 1 22-10-2026 21:41 Page 1

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार, 23 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :180 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



बिना बाजुओं के छू लिया आसमान

शीतल देवी ने एक ही दिन में जीते दो गोल्ड

नागोया (जापान)। भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति और लगातार मेहनत से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। शीतल देवी ने पहले तुमन कुमार के साथ कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया को 151-148 से हराया। इसके बाद शीतल ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में सिंगापुर की नूर स्याहिदाह अलीम को 142-138 से मात देकर दूसरा स्वर्ण जीत लिया।

नेतन्याहू ने पीएम मोदी से की फोन पर बात

स्वतंत्रता दिवस पर कैप्टन स्मित मच्छार के साथ मशाल जलाने का दिया न्योता

- कहा, भारत तथा इजरायल जमीन और आसमान, दोनों जगह आतंकवाद से मिलकर लड़ते हैं



डेली आवाज भारती

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को इजरायल के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के साथ मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार को 'भारत का वीर पायलट' बताया। दोनों नेताओं ने बातचीत के दौरान भारत-इजरायल द्विपक्षीय संबंधों में जारी गति की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया गया और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में जारी गति की समीक्षा की और साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। हमने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने अपने मित्र और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजरायल के स्वतंत्रता दिवस पर वीर भारतीय पायलट के साथ मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने निमंत्रण के लिए उनका आभार जताया और कहा कि भारत तथा इजरायल जमीन और आसमान, दोनों जगह आतंकवाद से मिलकर लड़ते हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच साहसी और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना भी की। कैप्टन स्मित मच्छार 30 सितंबर को तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की एक उड़ान में ओमानी सह-पायलट के हमले के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोप है कि सह-पायलट ने विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लेने की कोशिश की थी। इस दौरान कैप्टन मच्छार ने उसका मुकाबला किया और कॉकपिट का दरवाजा खोलने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद चालक दल के अन्य सदस्यों और यात्रियों को कॉकपिट में प्रवेश करने तथा हमलावर को काबू करने का मौका मिला। इससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। विमान में 170 से अधिक लोग सवार थे। इससे पहले 3 अक्टूबर को नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार से फोन पर बातचीत की थी और उन्हें भारत, इजरायल तथा पूरी दुनिया का सच्चा नायक बताया था।

यमुना को पुनर्जीवित करने के लिए 8,941 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का गृह मंत्री अमित शाह ने किया शुभारंभ

कहा, कुछ राजनीतिक दल केवल बहानेबाजी की करते हैं राजनीति

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में यमुना नदी के पुनर्जीवन और सफाई से जुड़ी 8,941 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2029 तक यमुना को स्वच्छ बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी की सरकार बनने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी बैठक बुलाई थी और यमुना को स्वच्छ बनाने का अपना विजन दिल्ली सरकार तथा गृह मंत्रालय के सामने रखा था। उन्होंने कहा, ÷इतने कम समय में हम 40 प्रतिशत से अधिक सफलता हासिल कर चुके हैं। गृह मंत्री ने बताया कि गुरुवार को 10 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 33 नई परियोजनाओं की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि 8,941 करोड़ रुपए की लागत वाली इन योजनाओं के माध्यम से कई लाख लीटर पानी को शुद्ध कर यमुना में प्रवाहित किया जाएगा। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। साथ ही मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के उन्नयन और नए एसटीपी स्थापित करने के लिए भी शिलान्यास किया गया है। उन्होंने बताया कि एक विकेंद्रीकृत एसटीपी पंपिंग स्टेशन भी स्थापित किया गया है और घरों को सीवर लाइनों से जोड़ने का काम शुरू हो चुका है। अमित शाह ने कहा, ÷हम सीवर पुनर्वास, ड्रेनेज और टैपिंग कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मई 2029 से पहले यमुना को स्वच्छ बना दिया जाएगा। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। गृह मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल केवल बहानेबाजी की राजनीति करते हैं। आम आदमी पार्टी की पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ÷दिल्ली की पिछली सरकारें यह बहाना बनाती थीं कि उन्हें कोई मदद नहीं मिली। उनके हर दावे का हमारे पास जवाब है, लेकिन वह जवाब हम पंजाब में उनकी सरकार जाने के बाद देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने विरोध-प्रदर्शनों के सहारे सत्ता हासिल करने और भ्रष्टाचार करने के अलावा कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा, उन्होंने कूड़े के पहाड़ों के नाम पर राजनीति की, लेकिन हमारी सरकार ने उन कूड़े के पहाड़ों को कम करने का काम किया है। अगले दो वर्षों में इन कूड़े के पहाड़ों की जगह बगीचे दिखाई देंगे।

अगर 2027 में गलती से भी कांग्रेस सत्ता में आ गई, तो वह फ्री बिजली, 10 लाख का हेल्थ कवर और महिलाओं की वित्तीय मदद छीन लेगी: अमन अरोड़ा

- कांग्रेस आम पंजाबियों से सुविधाएं छीनना चाहती है जबकि उसके अपने नेता सब्सिडी का मज़ा ले रहे हैं: अमन अरोड़ा



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजन: आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने गुरुवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उसके सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बयान ने पार्टी की जनविरोधी और सामंती सोच को सामने ला दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस 2027 में गलती से भी पंजाब की सत्ता में आई, तो वह फ्री बिजली, 10 लाख की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और महिलाओं को वित्तीय मदद छीन लेगी, जबकि टोल प्लाजा वापस लाएगी और बिजली और नहर के पानी के भारी बिल थोप देगी। अमन अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस आम पंजाबियों को वेलफेयर स्कीमों से दूर रखना चाहती है, जबकि उसके अपने सांसद, विधायक और पूर्व मंत्री सब्सिडी का मज़ा ले रहे हैं। उन्होंने पार्टी की टॉप लीडरशिप, जिसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रताप सिंह बाजवा शामिल हैं, को चुनौती दी कि वे स्पष्ट करें कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो क्या ये स्कीमें जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के चुनावी वादे खोखले साबित होंगे और पंजाब एक बार फिर लोगों की परेशानी और लूट के दौर में लौट जाएगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप पंजाब के प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बिजली सब्सिडी और ज़रूरत के आधार पर महिलाओं को वित्तीय मदद देने के बयान ने पंजाब के लिए कांग्रेस पार्टी के एजेंडे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा, पंजाब के लोग साफ़ जवाब के हक़दार हैं कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इन सुविधाओं को जारी रखना चाहती है या वापस लेना चाहती है। आप पंजाब के प्रधान ने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आप सरकार लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने के मकसद से घरेलू कंज्यूमर्स, किसानों और इंडस्ट्रीज़ को बिजली सब्सिडी दे रही है। महिलाओं को दी जाने वाली हर महीने की वित्तीय मदद का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने ऐसी सुविधाओं को जारी रखने पर सवाल उठाए हैं, और कहा है कि जिन्हें इसकी ज़रूरत नहीं है, उन्हें इससे बाहर रखा जाना चाहिए।

सऊदी अरब में एयरपोर्ट और तेल ठिकाने पर हमले, एक भारतीय समेत 3 की मौत; 10 घायल

प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और स्थिति पर नजर रखी जा रही

डेली आवाज भारती



सऊदी अरब में बुधवार देर रात दो अलग-अलग ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में एक भारतीय नागरिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं में 10 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक शामिल हैं। हमलों के बाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर छह बड़े हमले किए हैं। इन घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की मौत और 370 लोगों के घायल होने का दावा किया गया है। दम्माम शहर स्थित किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई। इस घटना में दो भारतीयों समेत कुल आठ लोग घायल हुए हैं। हमले के बाद एयरपोर्ट पर हुए नुकसान और घटना से जुड़े हालात की जानकारी सामने आई है।

अरामको के तेल ठिकाने पर ड्रोन हमला

सऊदी अरब में तेल कंपनी अरामको के एक ठिकाने को भी ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। इस घटना में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की मौत हो गई, जबकि एक भारतीय समेत दो लोग घायल हुए हैं। कुल तीन लोगों की मौत और 10 लोगों के घायल होने की जानकारी है।

पंजाब में रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की हड़ताल, मुसाफिरों की बढ़ी परेशानी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। बुधवार को चंडीगढ़ में सरकार और यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच करीब डेढ़ घंटे तक बैठक हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद यूनियन ने हड़ताल जारी रखने का फैसला किया। यूनियन और सरकार के बीच बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक बातचीत हुई। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि बैठक में उनकी मांगों का समाधान निकल आएगा, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। यूनियन के राज्य नेता बलजीत सिंह ने कहा कि रोडवेज वर्कशॉप के गेट पर धरना जारी रहेगा। वहीं, 23 अक्टूबर को कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में विधानसभा की ओर कूच करेंगे। यूनियन ने साफ किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। यूनियन ने 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास और पंजाब विधानसभा की ओर कूच करने का फैसला भी लिया है।

सरकार और यूनियन के बीच बैठक पर टिकी नजर

विभाग में करीब 2,900 बसें हैं, लेकिन हड़ताल के कारण दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब सबकी नजरें सरकार और यूनियन के बीच होने वाली अगली बैठक पर टिकी हैं।

जालंधर में सरेआम नशा करते दिखे नौजवान! हरसिमरत बादल ने वीडियो शेयर कर सरकार को घेरा

- सरकार से ठोस कार्रवाई करने और जवाबदेही तय करने की मांग की



डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर के फिल्लौर से नशे के कथित इस्तेमाल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दो युवक कथित तौर पर नशे का इंजेक्शन लगाते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को मौके पर पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की। इस दौरान युवकों और लोगों के बीच करीब पांच मिनट तक बहस हुई। बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने यह वीडियो साझा किया और पंजाब सरकार पर निशाना साधा। सरकार इस समस्या पर आंखें मूंदकर बैठी है। हरसिमरत बादल ने सरकार से ठोस कार्रवाई करने और जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त पंजाब युवाओं का अधिकार है। वीडियो सामने आने के बाद पंजाब में नशे की समस्या को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो में एक युवक दूसरे की बाजू में सिरिंज के जरिए इंजेक्शन लगाता दिखाई देता है। बताया जा रहा है कि इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंच गए और वीडियो बनाने लगे। जब स्थानीय लोगों ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने इंजेक्शन लगा लिया है, तो युवकों ने हां में जवाब दिया। इसके बाद लोगों ने उनसे नशा करने को लेकर सवाल किए और उन्हें पुलिस के हवाले करने की बात कही। वीडियो में दिखाई दे रहे एक युवक की बाइक पर पंजाब का रजिस्ट्रेशन नंबर बताया जा रहा है। बाइक पर नॉर्दर्न रेलवे भी लिखा हुआ था। जब लोगों ने युवक से पूछा कि क्या वह रेलवे में नौकरी करता है, तो उसने जवाब दिया कि उसका चाचा है। युवक ने बताया कि उसे एक काले रंग का व्यक्ति मिला था, जिसके पूछने के बाद हामी भरने पर वह उसे चिट्टा देकर वहां से निकल गया। हालांकि, वीडियो के दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

इलाके में नशे की समस्या पर जताई चिंता

वीडियो बनाने वाले लोगों का दावा है कि इससे कुछ समय पहले भी वे दो युवकों को वहां से भगा चुके हैं। स्थानीय लोगों ने फिल्लौर, जालंधर और आसपास के इलाकों में नशे की समस्या पर चिंता जताई। वीडियो में पकड़े गए दोनों युवक लोगों से माफी मांगते और उन्हें थाने न ले जाने की गुहार लगाते दिखाई देते हैं। आखिर में वे कसम खाते हुए दोबारा इलाके में नहीं आने का वादा करते हैं।

अमृतसर : पत्नी ने पति और सास की हत्या की

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पत्नी ने पति और सास की हत्या की। हत्या के बाद वह भाग गई थी। गुरुवार को उसे पुलिस ने हरियाणा के अंबाला से पकड़ा। पुलिस की शुरुआती जांच में घरेलू रंजिश को हत्या की वजह बताया जा रहा है। मृतकों की पहचान गौरव कुमार और उसकी मां रीतू के रूप में हुई। मामला अमृतसर के राम नगर, टोनी की गली नंबर 4 का है। 18 अक्टूबर को थाना सदर के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर गुरजीत सिंह को सूचना मिली कि एक घर से काफी बदबू आ रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घर का दरवाजा खोलकर जांच की गई। अंदर दो लोगों के शव मिले। इस मामले में थाना सदर अमृतसर में एफआईआर दर्ज की गई। माले को सुलझाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गईं। जांच के दौरान तकनीकी साधनों और फॉरेंसिक जांच की मदद ली गई। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान गौरव की पत्नी मनीषा की इस डबल मर्डर में भूमिका सामने आई। इसके बाद उसकी तलाश में पुलिस टीमें रवाना की गईं। पुलिस ने मनीषा को हरियाणा के अंबाला शहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, गौरव की मां रीतू और मनीषा के बीच अकसर झगड़ा होता था। इसके अलावा, गौरव की शादी कहीं और करवाने की बात को लेकर भी मनीषा के मन में रंजिश होने की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि इसी रंजिश के चलते मनीषा ने गौरव और उसकी मां की हत्या की। गिरफ्तारी के बाद मनीषा को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड भेजा गया।

लुधियाना में एक पार्टी के दौरान फायरिंग, युवक की मौत



डेली आवाज भारती

लुधियाना। पक्खोवाल रोड पर स्थित एक आवासीय सोसाइटी में देर रात एक पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, एक सोसाइटी में पार्टी चल रही थी। इसी दौरान कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर फायरिंग हुई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामले की जाँच में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार, फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि पूरी घटना की सही जानकारी मिल सके। क्या आप इस समाचार में कोई विशेष हेडलाइन बदलना चाहते हैं या इसे संपादकीय (Editorial) शैली में लिखवाना चाहते हैं?

बिजनेसमैन दीपक मित्तल की मौत की हो रही जांच

मौत की वजह हो सकती ज्यादा शराब पीना

मौत के असल कारणों की पुष्टि विसरा जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही होगी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सेक्टर-17 स्थित ताज होटल में मृत मिले बिजनेसमैन दीपक मित्तल की मौत की शुरुआती वजह ज्यादा शराब पीना मानी जा रही है। बुधवार देर शाम पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हालांकि, मौत के असल कारणों की पुष्टि विसरा जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मंगलवार रात जिस युवती से पूछताछ की गई, वह दीपक मित्तल के साथ होटल के कमरे में मौजूद थी। दीपक मित्तल छत्तीसगढ़ के रायपुर में राजीव नगर के रहने वाले थे। बिजनेसमैन की बेटी और जीजा ने आरोप लगाया कि दीपक मित्तल के गले में सोने की चेन और हाथ में सोने का कड़ा था, जो अब गायब हैं। इसके बाद पुलिस ने होटल की रिसेप्शन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। पुलिस के अनुसार, होटल में एंट्री के समय की फुटेज में दीपक मित्तल के गले में सोने की चेन और हाथ में सोने का कड़ा नजर नहीं आया। 2 दिन पहले होटल में लिया था रूमः पुलिस के मुताबिक, बिजनेसमैन दीपक मित्तल (56) ने करीब दो दिन पहले ताज होटल में कमरा लिया था। उनके साथ एक युवती भी रात में होटल में आई। पुलिस ने इस युवती से पूछताछ की।

वेटर कमरे में पहुंचा तो बेसुध मिले

21 अक्टूबर को होटल का वेटर कमरे में गया तो दीपक कुमार मित्तल बेसुध मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मार्कफेड की मीटिंग में शामिल होने आए थे दीपक मित्तल पंजाब सरकार की राशन किट के बड़े ठेकेदार बताए जा रहे हैं। वह चंडीगढ़ में मार्कफेड की एक बड़ी मीटिंग में शामिल होने आए थे। पुलिस के मुताबिक, होटल के कमरे से शराब की बोटलें और कुछ दवाइयां मिली हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 22-10-2026 21:07 Page 1

करनाल में किसान चौपाल

हरियाणा के करनाल में 'खेत बचाओ अभियान' के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चौपाल में किया किसानों से सीधा संवाद

- **धरती माँ के स्वास्थ्य की रक्षा और संतुलित खाद के उपयोग का शिवराज सिंह ने किया आह्वानः 'देखा-देखी में नहीं, स्वाइल हेल्थ कार्ड से करें खेती'**
- **'प्राकृतिक खेती घाटे का सौदा नहीं, विधिपूर्वक करें तो मिलता है भरपूर लाभ': शिवराज सिंह चौहान ने साझा किया निजी खेती का अनुभव**

डेली आवाज भारती



करनाल (हरियाणा)/ नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2026, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज हरियाणा के करनाल जिले स्थित ऐतिहासिक तरावे ी से राष्ट्व्यापी %खेत बचाओ अभियान% का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित आत्मीय %किसान चौपाल% में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने अन्नदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कहा कि किसानों की सेवा ही उनके लिए ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने दोहराया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किसान और किसानी के मान-सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, स्थानीय विधायक, आईसीएआर व एनडीआरआई के शीर्ष कृषि वैज्ञानिक तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

चौपाल की शुरुआत करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित किसानों से कहा कि वे स्वयं को किसी ऊंचे पद पर आसीन नेता नहीं, बल्कि किसानों का सेवक और स्वयं एक समर्पित किसान मानते हैं। उन्होंने कहा, ÷यह पगड़ी किसान के मान और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसे कभी झुकने नहीं दिया जाएगा। आज समय की मांग है कि हम आधुनिकता और परंपरा का ऐसा समन्वय बनाएं जिससे हमारी धरती भी बचे और किसान की जेब भी भरे। संवाद के दौरान रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेत बचाओ अभियान किसी खाद का अंधाधुंध विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि उसके संतुलित और वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि बिना बीमारी के जिस तरह कैल्शियम की गोलियां खाने से शरीर को नुकसान होता है, उसी तरह बिना जरूरत के रासायनिक खाद झोंकने से धरती की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की, ÷रामलाल ने चार कट्टे डाले तो श्यामलाल साढ़े चार कट्टे डाले- इस देखा-देखी की होड़ से बाहर निकलें। पहले स्वाइल हेल्थ कार्ड से मिट्टी की जांच कराएं और जितनी आवश्यकता हो, उतना ही संतुलित पोषण दें। इससे लागत भी घटेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती की सेहत भी सुरक्षित रहेगी। प्राकृतिक खेती का आह्वान÷ 'कम से कम एक एकड़ से विधिपूर्वक करें शुरुआत प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों की शंकाओं का समाधान करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने अपने स्वयं के खेतों का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अपने खेत में उतरते हैं, सब्जियां, फल और फसलें उगाते हैं और प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन तभी बेहतर मिलता है जब उसे वैज्ञानिक और सही विधि से किया जाए। जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत का सही अनुपात और सही समय पर उपयोग ही इसकी सफलता की कुंजी है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि यदि किसी के पास तीन या पांच एकड़ जमीन है, तो वह पहले केवल एक एकड़ में पूरी विधि सीखकर प्राकृतिक खेती शुरू करे। जब लाभ दिखेगा, तो बाकी किसान भी स्वतः प्रेरित होंगे। चौपाल में किसानों ने देसी गायों के संरक्षण, दुग्ध मूल्य और बछिया पैदा करने वाली उन्नत तकनीकों (Se&-sorted semen) का विषय उठाया। इस पर वैज्ञानिकों की उपस्थिति में चर्चा करते हुए आश्वस्त किया गया कि सरकार ऐसी सस्ती व सुलभ तकनीक को तेजी से मान्य (वैलिडेट) कर रही है जिससे किसानों को वाजिब दरों पर यह सुविधा मिले। साथ ही, देसी गाय के दूध के बेहतर बाजार मूल्य और प्राकृतिक खेती में गोमूत्र व गोबर की केंद्रीय भूमिका पर भी बल दिया गया।

पराली प्रबंधन में हरियाणा के किसानों की भूरि-भूरि प्रशंसा

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने इस वर्ष हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में आई भारी गिरावट और किसानों की सजगता की दिल खोलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस मौसम में पहले चारों ओर धुआं और धुंध छाई रहती थी, इस बार हरियाणा के किसानों ने पराली प्रबंधन और सुपर सीडर जैसी तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण की जो मिसाल पेश की है, वह पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। यह जनता, किसानों और सरकार के साझा संकल्प की शानदार जीत है। तराव ी की यह किसान चौपाल केवल एक औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि सीधे खेत-खलिहान से उपजी समस्याओं और उनके वैज्ञानिक समाधान का एक जीवंत मंच साबित हुई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने भरोसा दिलाया कि किसानों से मिले हर सुझाव और आवश्यकता पर कृषि मंत्रालय तत्परता से ठोस कदम उठाएगा।

हरियाणा में सरकार और प्रशासन के बीच तालमेल का अभाव

जनता से किए वादों का हिसाब दे भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं CWC सदस्य कुमारी सैलजा ने हरियाणा की भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार और प्रशासन के बीच तालमेल का अभाव दिखाई दे रहा है। कहीं कोई घोषणा होती है तो बाद में उसी को लेकर दूसरी घोषणा करनी पड़ती है। ऐसे हालात में जनता के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर प्रदेश में शासन किस प्रकार चलाया जा रहा है। कुमारी सैलजा ने गुरुवार को फतेहाबाद जिले के रतिया में आयोजित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' जन आंदोलन की पदयात्रा के दौरान प्रदेश की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा में अपराध, नशाखोरी और बेरोजगारी गंभीर चुनौतियां बन चुकी हैं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है और रोजगार के अवसरों की कमी से युवा परेशान हैं। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में बड़े निवेश, दस आधुनिक औद्योगिक शहरों और स्मार्ट सिटी के विकास के बड़े-बड़े वादे किए थे। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कितने औद्योगिक शहर विकसित हुए, कितना निवेश आया और कितने युवाओं को रोजगार मिला। गरीबों को आवास उपलब्ध कराने की योजनाओं की प्रगति भी सार्वजनिक की जानी चाहिए। किसानों की स्थिति का उल्लेख करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि मंडियों और खरीद केंद्रों में किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डबल इंजन सरकार 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की बात करती है, लेकिन उसे फसलवार खरीद के आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए। सरकार बताए कि कितनी फसलों की कितनी खरीद हुई, कितने किसानों को एमएसपी का लाभ मिला और किसानों को कितना भुगतान किया गया। सांसद ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारी लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन और हड़ताल कर रहे हैं।



युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए सरकार

सांसद ने कहा कि भाजपा ने खेल नर्सरियां विकसित करने का वादा किया था, लेकिन आज युवाओं को नशे और गैंगस्टर संस्कृति से बचाना बड़ी चुनौती बन गया है। सरकार को युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों और चुनावी घोषणाओं की प्रगति का पूरा विवरण जनता के सामने रखा जाना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश के किसानों, कर्मचारियों, महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रहेगी। इस अवसर पर कुमारी सैलजा के साथ पूर्व प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुधा भारद्वाज, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयपाल सिंह लाली, मंगत राम लालवास, सुरेंद्र वर्टिया और गुरसेवक सिंह सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चंडीग -हरिद्वार के बीच एचवीएसी बस सेवा से यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा, 23 अक्तूबर, 2026 से आरंभ होगी बस सेवा : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश सरकार यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में चंडीगे और हरिद्वार के बीच एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन एवं एयर कंडीशनिंग) बस सेवा की शुरूआत आगामी 23 अक्तूबर, 2026 से होगी और निर्धारित समय-सारिणी यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा से चंडीगे , अंबाला, यमुनानगर, सहारनपुर, रे की और हरिद्वार के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि बस सेवाओं की समयबद्धता और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शहरों से बस के प्रस्थान और गंतव्य तक पहुंचने का समय निर्धारित किया गया है। इससे यात्रियों को अपनी यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी। चंडीगढ़ से हरिद्वार के लिए बस का समय निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, चंडीगढ़ से हरिद्वार जाने वाली बस चंडीगे से सुबह 9.08 बजे रवाना होगी। इसके बाद बस अंबाला से सुबह 10.40 बजे, यमुनानगर से दोपहर 12.00 बजे, सहारनपुर से दोपहर 12.50 बजे तथा रु की से दोपहर 1.55 बजे रवाना होगी। बस के हरिद्वार पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2.40 बजे है। इसी प्रकार, वापसी में हरिद्वार से चंडीगे जाने वाली बस हरिद्वार से दोपहर 3.50 बजे, रे की से शाम 4.40 बजे, सहारनपुर से शाम 5.50 बजे, यमुनानगर से शाम 6.40 बजे तथा अंबाला कैंट से शाम 7.50 बजे रवाना होगी। बस के चंडीगे बस स्टैंड पहुंचने का निर्धारित समय रात 9.00 बजे है। अनिल विज ने कहा कि बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था न केवल यात्रियों को सुविधाजनक सफर उपलब्ध करवाती है, बल्कि विभिन्न शहरों के बीच संपर्क को भी मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का प्रयास है कि यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार बेहतर बस सेवाएं उपलब्ध हों और उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि हरियाणा परिवहन विभाग यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। विज ने कहा कि चंडीगे -हरिद्वार मार्ग पर यह बस सेवा यात्रियों को आवागमन का एक सुविधाजनक विकल्प प्रदान करेगी।

पंजाब की प्रमख एजेंसियों को एक मंच पर लाया 'द स्पॉटलाइट सर्कल चैप्टर पंजाब'

भारतीय शहरों को 'टाइम्स स्क्वायर' जैसा अनुभव देने की योजना पर काम शुरू

डेली आवाज भारती

मोहाली। 'स्कुका सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' के एआई-आधारित डिजिटल आउट-ऑफ-होम विज्ञापन नेटवर्क, 'इट्स स्पॉटलाइट' ने बुधवार देर शाम मोहाली में 'द स्पॉटलाइट सर्कल-चैप्टर पंजाब' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पंजाब की प्रमुख विज्ञापन और मीडिया एजेंसियों को एक छत के नीचे लाया गया, ताकि इस त्योहारी सीजन में कंपनी के एजेंसी पार्टनर्स का आभार जताया जा सके, उनसे जुड़ाव बढ़ाया जा सके और उनके साथ जश्न मनाया जा सके। कंपनी की निदेशक सान्या जिंदल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विज्ञापन के इस नए दौर में 'इट्स स्पॉटलाइट' विज्ञापनदाताओं को एक रियल-टाइम डैशबोर्ड देती है, जिससे वे देख सकते हैं कि उनके विज्ञापन कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह बिल्कुल वैसा ही है, जैसा कि मेटा जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से ब्रांड्स को एनालिटिक्स मिलते हैं। कंपनी के निदेशक विरकरण सिंह ने भारत में 'आइकॉनिक स्क्रीन कल्चर' लाने के कंपनी के विजन को साझा करते हुए कहा कि न्यूयॉर्क में 'टाइम्स स्क्वायर' है, लंदन में 'पिकाडिली सर्कस' है, और टोक्यो, बीजिंग तथा लॉस एंजिल्स जैसे शहरों में ऐसी स्क्रीन वाले बिलबोर्ड हैं जो दुनिया भर में मशहूर हैं। हम उसी संस्कृति और उत्साह को भारत में लाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि सिनेपोलिस की स्क्रीन का प्रबंधन संभालना कंपनी के लिए एक 'गेम चेंजर' साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि 'इट्स स्पॉटलाइट' ने अपनी पहली स्क्रीन मोहाली के सीपी मॉल में लगाई थी, और आज यह 20 से ज़्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद है। कंपनी के सीएफओ आशीष राणा ने कहा कि उनका मुख्य फोकस ग्राहकों को उनके विज्ञापन निवेश पर स्पष्ट और मापने योग्य रिटर्न देना है। उन्होंने कहा, विज्ञापनदाताओं को यह पता होना चाहिए कि उनका पैसा कहाँ, कब और कैसे खर्च हो रहा है। उन्होंने एक नए 'इंस्टेंट बुकिंग' फीचर की भी घोषणा की, जिसकी मदद से कोई भी 'इट्स स्पॉटलाइट' स्क्रीन पर विज्ञापन बुक कर सकता है और कुछ ही मिनटों में उसे लाइव कर सकता है। इस अवसर पर पंजाब की एजेंसी कम्युनिटी से जुड़े मेहमान एक साथ आए। इस दौरान नेटवर्किंग हुई, 'इट्स स्पॉटलाइट' के एजेंसी पार्टनर्स को सम्मान देने के लिए एक अवार्ड समारोह आयोजित किया गया।



पूर्व सांसद सत्य पाल जैन ने उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से की शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में हुई मुलाकात

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पूर्व सांसद और भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (स्व) श्री सत्य पाल जैन ने गुरुवार को नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति तथा पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़) के कुलाधिपति (चांसलर) श्री सी.पी. राधाकृष्णन से औपचारिक मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में संपन्न हुई। उपराष्ट्रपति के प्रति जताया सम्मान, सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई चर्चा मुलाकात के बाद जानकारी देते हुए श्री सत्य पाल जैन ने बताया कि यह पूर्णतः एक शिष्टाचार भेंट थी। वे उपराष्ट्रपति के प्रति अपना सम्मान और शुभकामनाएं प्रकट करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में संक्षिप्त बातचीत हुई। गौरतलब है कि देश के उपराष्ट्रपति पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के पदेन कुलाधिपति भी होते हैं, जिसके चलते चंडीगढ़ और विश्वविद्यालय से जुड़े मामलों के संदर्भ में भी इस शिष्टाचार भेंट को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

देश भगत कॉलेज बरड़वाल में पंजाबी यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय युवक एवं लोक मेले का शानदार आगाज़

युवाओं को अपनी समृद्ध विरासत और संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं युवक मेलेः दलवीर सिंह ढिल्लों

डेली आवाज भारती

धूरी/मोहिंदर सिंह । पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के क्षेत्रीय युवक एवं लोक मेले का आज देश भगत कॉलेज, बरड़वाल, धूरी में शानदार आगाज़ हुआ। 22 से 25 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले के उद्घाटन समारोह में पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि युवक मेले विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेना भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की समृद्ध विरासत, लोक कलाएं, गीत-संगीत और पारंपरिक कलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। ऐसे मेले युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ अपनी विरासत को संजोने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पूरे उत्साह के साथ ऐसी गतिविधियों में भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारें। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बलवीर सिंह, चेयरमैन बलवंत सिंह मीमसा, जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला, ट्रेड विंग धूरी हलके के चेयरमैन पुष्पिंदर शर्मा, जिला परिषद सदस्य अमृतपाल सिंह, सोनी मांडेर, जगतार सिंह बागड़ी तथा ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित थे। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले के दौरान विद्यार्थी विभिन्न कलात्मक, साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह मेला विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में भी सहायक सिद्ध होगा।



बरनाला के शहरी और ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए मुफ्त कौशल प्रशिक्षण कोर्स

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली। अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) श्री हरजिंदर सिंह बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, महल कलां द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY 4.0) के तहत जिला बरनाला के शहरी और ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए मुफ्त कौशल प्रशिक्षण कोर्स करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हेल्थकेयर सेक्टर में 'पैलेटिव केयर असिस्टेंट' (Palliative Care Assistant) ट्रेड में तीन से चार महीने का मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी और ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देकर कुशल एवं आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बना सकें। इस कोर्स के लिए 18 से 35 वर्ष की आयु के कम से कम 12वीं पास लड़के और लड़कियां प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9855027090 और 8264833857 पर संपर्क कर सकते हैं।

विधायक नरिंदर कौर भराज ने 106.98 लाख रुपये की लागत वाली बंगांवाली जल आपूर्ति योजना का रखा नींव पत्थर

गांववासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बुनियादी ढांचे को किया जाएगा मजबूतः नरिंदर कौर भराज

डेली आवाज भारती



संगरूर,मोहिंदर सिंह । विधानसभा हलका संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज ने गांव बंगांवाली में जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग, पंजाब की 106.98 लाख रुपये की स्वीकृत लागत वाली जल आपूर्ति योजना का नींव पत्थर रखा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा को और बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल हर परिवार की बुनियादी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बंगांवाली की इस जल आपूर्ति योजना से गांव में पानी की सप्लाई से संबंधित बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और निवासियों को बेहतर जल आपूर्ति सुविधा उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य गांवों में ऐसी सुविधाएं विकसित करना है, जिनका लोगों को लंबे समय तक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पेयजल से जुड़ी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नरिंदर कौर भराज ने कहा कि विकास कार्यों की सार्थकता उनकी गुणवत्ता और समय पर पूरा होने में है। उन्होंने संबंधित विभाग को योजना के निर्माण कार्य के दौरान निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने और कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को इसका लाभ समय पर मिल सके। विधायक ने गांववासियों से पानी का उचित इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि पानी बचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने और जल आपूर्ति व्यवस्था के रखरखाव में लोगों का सहयोग भी बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हलका संगरूर के गांवों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

लक्खोके बहराम पुलिस ने 7 ग्राम हेरोइन सहित 2 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर मनदीप सिंह उर्फ राहुल पुत्र गुरनाम सिंह वासी गांव लक्खोके बहराम व गुरप्रीत सिंह उर्फ सोनू पुत्र सुच्चा सिंह वासी करी खुर्द को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से तलाशी के दौरान 7 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

एस.डी.एम गुरुहरसहाय ने रात में धान की कटाई कर रही दो कंबाइनें को मौके पर पहुंच रुकवाया

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा धान की कटाई संबंधी जारी हिदायतों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में एस.डी.एम गुरुहरसहाय हरदीप सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा रात के समय चेकिंग के दौरान धान की कटाई कर रही दो कंबाइन हार्वेस्टर मशीनों को रोका गया और उन्हें रात के समय धान की कटाई करने से मना किया गया। एस.डी.एम ने किसानों और कंबाइन ऑपरेटरों से अपील की कि वह धान की कटाई संबंधी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए चेकिंग अभियान जारी रहेगा, तांकि सरकारी हिदायतों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान सुपरिटेंडेंट केवल कृष्ण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।



एस.डी.एम गुरुहरसहाय रात के समय धान कटाई कर रही कंबाइनों को रुकवाते हुए।

CMYK

page 3_Layout 1 22-10-2026 21:08 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ शुक्रवार , 23 अक्तूबर 2026

सुख औजला के नेतृत्व में कांग्रेस को लगातार मिल रहा समर्थन

अजनाला के शाहलीवाल के मौजूदा चार पंचों ने थामा कांग्रेस का हाथ, मेजर सिंह के घर पर हुआ कार्यक्रम

डेली आवाज भारती



अमृतसर। विधानसभा हलका अजनाला के गांव शाहलीवाल में कांग्रेस पार्टी को उस समय मजबूती मिली, जब आम आदमी पार्टी (आप), शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े नेताओं ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया। इनमें गांव के मौजूदा चार पंच भी शामिल हैं। इस मौके पर अजनाला हलके के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद गुरजीत सिंह औजला के भाई सुखजिंदर सिंह सुख औजला ने कांग्रेस में शामिल होने वाले नए साथियों का स्वागत किया। गांव शाहलीवाल में पूर्व सरपंच स्वर्गीय सरदार मुख्तियार सिंह के परिवार से संबंधित उनके बेटे मेजर सिंह के घर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। सुख औजला ने उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में भाजपा से जुड़े मौजूदा पंच मेजर सिंह और रणजीत सिंह, आम आदमी पार्टी के मौजूदा पंच कुलवंत सिंह और गुरप्रीत सिंह के अलावा पूर्व पंच राम सिंह और अकाली दल के पूर्व पंच दलजीत सिंह सहित अन्य साथी शामिल रहे। इस मौके पर गुरपिंदर सिंह भिंदा, लखविंदर सिंह, अमृतपाल सिंह, लखविंदर सिंह बाबा, संतोख सिंह, अमरीक सिंह, धर्मेंद्र सिंह और अर्शदीप सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुखजिंदर सिंह सुख औजला ने कांग्रेस में शामिल हुए सभी साथियों का स्वागत करते हुए पार्टी पर विश्वास जताने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी साथियों को उचित मान-सम्मान दिया जाएगा और सबको साथ लेकर लोगों के मुद्दों के समाधान के लिए काम किया जाएगा।

अमृतसर में काउंटर इंटेलिजेंस की बड़ी कार्रवाई

10 किलो हेरोइन के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

विदेश में बैठे तस्करों से जुड़े होने का आरोप, पंजाब में हेरोइन की खेप पहुंचाने और बांटने का करते थे काम

- स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल में एफआईआर दर्ज, नशा तस्करी नेटवर्क की आगे-पीछे की कड़िया खंगालने में जुटी पुलिस

डेली आवाज भारती



अमृतसर: पंजाब में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पंजाब पुलिस के डीजीपी की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे नशा तस्करों के संपर्क में थे और पंजाब में हेरोइन की खेप प्राप्त करने तथा उसे आगे वितरित करने का काम करते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर विदेश में सक्रिय तस्करों के साथ मिलकर काम कर रहे थे। यह नेटवर्क पंजाब में हेरोइन की खेप पहुंचाने और उसे आगे सप्लाई करने में शामिल होने के आरोपों का सामना कर रहा है। हालांकि, इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और इसकी पूरी कार्यप्रणाली के बारे में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस संबंध में अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (स्ह्ष्ट) पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब मामले की आगे और पीछे की कड़ियों का पता लगाने में जुटी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नशे की खेप कहां से भेजी गई थी, इसे पंजाब में किसने प्राप्त किया और आगे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। जांच एजेंसियां इस नेटवर्क में शामिल अन्य संदिग्धों की पहचान करने और सीमा पार से संचालित कथित नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए काम कर रही हैं।

नशा तस्करी के खिलाफ अभियान जारी

पंजाब पुलिस ने दोहराया है कि राज्य में नशे की तस्करी और संगठित नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना और पंजाब को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना है। फिलहाल, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और आगे की जांच के आधार पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 300 ग्राम हेरोइन, मोबाईल व मोटरसाईकल किया बरामद

- दोषी भीड़ का लाभ उठाकर मौके से हुआ फरार, पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन टी प्वाइंट नजदीक अमर अस्पताल रेलवे स्टेशन फिरोजपुर रोड पर की नाकाबंदी के दौरान हेरोइन, मोटरसाईकिल और मोबाईल फोन बरामद किया है। जबकि इस दौरान दोषी मौके से भीड़ का लाभ उठाकर फरार हो गया। उक्त मामलें में पुलिस ने फरार हुए अज्ञात व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सुखबीर सिंहने बताया कि उन्होंने बीते दिन ट्रेफिक पुलिस स्टाफ फिरोजपुर के साथ टी प्वाइंट नजदीक अमर अस्पताल रेलवे स्टेशन फिरोजपुर रोड पर की नाकाबंदी के दौरान मोटरसाईकिल नंबर पीबी-04एएच-0758 पर सवार व्यक्ति को शक होने पर रुकने का ईशारा किया तो उक्त व्यक्ति मोटरसाईकिल फैंककर भीड़ का लाभ उठाते हुए वहां से फरार हो गया। जिसके पश्चात पुलिस ने मोटरसाईकिल की तलाशी के दौरान उसमें से 300 ग्राम हेरोइन और 1 मोबाईल फोन बरामद किया है।

दिवाली और गुरुपर्व पर पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी

- एसडीएम की मौजूदगी में निकाला गया ड्रॉ, केवल निर्धारित स्थानों पर ही होगी पटाखों की बिक्री और खरीद

डेली आवाज भारती



बरनाला, नवीन काली : जिला बरनाला में दिवाली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने हेतु आज आवेदनकर्ताओं की मौजूदगी में ड्रॉ निकाले गए। जिला प्रशासनिक परिसर के मीटिंग हॉल में एसडीएम तपा श्री आयुष गोयल, आईएएस की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से पर्चियां निकालकर चयनित आवेदकों के नामों की घोषणा की गई। जिले भर से कुल 131 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके लिए ड्रॉ की प्रक्रिया पूरी की गई। एसडीएम ने बताया कि बरनाला से 57, महल कलां से 69 और भदौड़ से 5 आवेदन प्राप्त हुए। पटाखों की बिक्री के लिए आवंटन ड्रॉ के दौरान बरनाला से 4, भदौड़ से 1 और महल कलां से 1 लाइसेंस के लिए चयन किया गया। अन्य स्थानों से कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण वहां ड्रॉ नहीं निकाला गया। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि जिले में छोटे और ग्रीन पटाखों की खरीद-बिक्री के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री और खरीद केवल निर्धारित स्थानों पर ही की जा सकेगी। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, जिले में ग्रीन पटाखों की बिक्री और खरीद के लिए निम्नलिखित स्थान निर्धारित किए गए हैं।

बरनाला शहर: 22 एकड़ के सामने पुराना दशहरा ग्राउंड।
धनौला: पक्का बाग स्टेडियम।
हंडियाया: अनाज मंडी हंडियाया।
तपा- कसी वाला ग्राउंड।
शहिणा: बीबड़ियां माईयां मंदिर के पास स्थित ग्राउंड।
भदौड़: पब्लिक स्पोर्ट्स स्टेडियम।
महल कलां: धनेर-छीनीवाल रोड चौक पर खाली पार्क वाली जगह।
जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे पटाखों की खरीद-बिक्री के लिए निर्धारित स्थानों का ही इस्तेमाल करें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

17.10 ग्राम हेरोइन के साथ जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 4 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर और मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 17.10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने ताया कि उन्होंने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी से शक के अधार पर मंगल सिंह पुत्र विजय सिंह वासी समाधी मुहल्ला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.10 ग्राम हैरोईन बरामद की है। जबकि दूसरे तरफ थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव सनेर के नजदीक से शक के अधार पर रिंकू कुमार पुत्र गेजा सिंह वासी समाधी मुहल्ला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

भगवान वाल्मीकि सेवा समिति द्वारा शांति नगर में बड़ी स्क्रीन पर रामायण का किया गया आयोजन

एम.सी मिशल गाचली और मर्कस भट्टी द्वारा समिति के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

डेली आवाज भारती



भगवान वाल्मीकि सेवी समिति के सदस्यों को सम्मानित करते हुए गणमांय।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर शहर के शांति नगर में भगवान वाल्मीकि सेवा समिति द्वारा धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ बड़ी स्क्रीन लगाकर रामायण का आयोजन किया जा रहा है। मालूम हो कि समिति द्वारा पिछले 8 सालों से लगातार हर साल किए जा रहे इस प्रयास के माध्यम से इलाके की संगत को भगवान श्री राम के जीवन, आदर्शों और मर्यादाओं से जुड़ने का मौका मिल रहा है। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार और सदस्यों द्वारा किए जाते सुव्यवस्थित प्रबंध और सामाजिक सेवाओं की इलाके निवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। इस अवसर पर शांति नगर वार्ड के एम.सी मिशल गाचली और मर्कस भट्टी द्वारा समिति के सदस्यों की सेवाओं और समारोह के शानदार प्रबंधों की सराहना करते हुए खुशी का इजहार किया गया। उन्होंने संस्था को 11,000 रुपये की नकद राशि भेंट की और समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष बिशंभर और सभी साथियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर संगत में लड्डुओं का प्रसाद भी बांटा गया। मालूम हो कि सम्मानित किए गए सदस्यों में राजेश कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार, करण सगेलिया, नीतीश, रोहन, लखबीर, मिंटू, हरप्रीत सिंह, सोनू, सुरेंद्र और प्रिंस शामिल थे।

यहां बताने योगय है कि भगवान वाल्मीकि सेवा समिति द्वारा लगातार आठ सालों से किया जा रहा यह प्रयास धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐसे धार्मिक समारोह लोगों को अच्छे संस्कारों, सेवा भावना और आपसी सांझ का संदेश देते हैं।

जिला पुलिस ने पराली को आग लगाने वाले 7 लोगों सहित 1 अज्ञात व्यक्ति पर दर्ज किया मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने पंजाब सरकार और जिला प्रशासन के आदेशों की उल्लंघना करके धान कटाई के पश्चात खेतों में बचने वाली पराली को आग लगाने वाले 7 लोगों सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सेवक सिंह, सुखबीर सिंह, थाना आरफके के एएसआई जगतार सिंह, कर्मदीप सिंह, थाना कुलगड़ी के हवलदार गुरजीत सिंह, थाना मल्लांवाला के एएसआई दर्शन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पंजाब सरकार की तरफ से पराली को आग लगाने संबंधी पाबंदी के आदेश जारी किए गए है।

महल कलां के विभिन्न गांवों में ममता दिवस पर दी गई टीकाकरण सेवाएं

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपाल : सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू के दिशा-निर्देशों और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य ब्लॉक महल कलां के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में 'ममता दिवस' उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव मुम में टीकाकरण सेवाएं प्रदान कर रहीं मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर (महिला) हरमनदीप कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि ममता दिवस के दौरान गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों का टीकाकरण किया जाता है, ताकि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें। उन्होंने बताया कि बच्चों का समय पर टीकाकरण करवाकर उन्हें 10 जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है। नवजात शिशु से लेकर डेढ़ वर्ष तक के बच्चों को पोलियो, गलघोंटू, काली खांसी, टिटनेस, दिमागी बुखार, पीलिया, खसरा, रूबेला और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। इसके अलावा, बच्चों को पोलियो की खुराक और रोटावायरस से बचाव के लिए भी दवा पिलाई जाती है। इस अवसर पर बीईई शिवानी अरोड़ा ने बताया कि ममता दिवस के दौरान टीकाकरण के लिए आने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य देखभाल संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाती है। उन्होंने अपील की कि नवजात शिशु को कभी भी घुट्टी न दी जाए। बच्चे को संक्रमण से बचाने के लिए उसे छूने से पहले हमेशा हाथों को साबुन से अच्छी तरह साफ करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को भी समय-समय पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित जांच करवानी चाहिए, ताकि प्रसव के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर बलजिंदर सिंह और सभी आशा वर्कर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्टेशन पर नगदी एवं जरुरी दस्तावेजों से भरा बैग रेल कर्मचारी ने सुरक्षित यात्री को लौटाया

डेली आवाज भारती



स्टेशन पर छूटा नगदी व जरुरी दस्तावेजों से भरा बैग महिला यात्री के परिजनों को सौपते हुए रेलवे कर्मचारी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): ट्रेन संख्या 22488 (अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस) से 22 अक्तूबर को यात्रा कर रही एक महिला यात्री का लैपटॉप बैग जल्दबाजी में जलंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर छूट गया। मालूम हो कि बैग में नकद एक लाख बीस हजार रूपये, एक पर्स और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज थे और लैपटॉप बैग छूटने का पता चलने पर महिला यात्री ने अपने परिजनों को सूचित किया तो परिजनों ने तत्काल ड्यूटी पर तैनात मुख्य टिकट निरीक्षक जलंधर कैंट हेमंत शर्मा को घटना से अवगत कराया। जिसके बाद हेमंत शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए बैग को खोज निकाला और जांच के बाद महिला यात्री के परिजन को सुरक्षित बैग को सौंप दिया। महिला यात्री के परिजनों ने टिकट चेकिंग स्टाफ की तत्परता और ईमानदारी के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने हेमंत शर्मा के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह घटना रेलवे कर्मचारियों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और यात्रियों के प्रति सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नियत से सरकंडों की तौड़-फौड़ की

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने जंगली जीव सैंचूरी हरीके कोट काईम खां बीट में सरकारी जमीन में कब्जा करने की नीयत से सरकंडों की तौड़-फौड़ करने वाले 6 लोगों के खिलाफ संबंधित विभाग के अधिकारी के पत्र के अधार पर विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए पत्र में तेजिन्द्र सिंह रेंज अफसर जंगली जीव हरीके ने बताया कि बीते दिन दोषी निशान सिंह पुत्र गुरदीप सिंह, अकाशदीप सिंह पुत्र निशान सिंह वासी छोटीयां चक्कीयां ने 3/4 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर जंगली जीव सैंचूरी हरीके कोट काईम खां बीट में सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से सरकंडों की तौड़-फौड़ की है। मामले की जांच कर रहे रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्ग दर्शन

डेली आवाज भारती



स्कूल में आयोजित कैरियर मार्ग दर्शन सैशन में छात्रों को जानकारी देते हुए प्रवक्ता।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल फिरोजपुर में विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करने तथा उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य से संबंधित सही निर्णय लेने में मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से एक ज्ञानवर्धक कैरियर मार्गदर्शन सैशन का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर डा.एस.एन रुद्रा ने बताया कि इस सैशन में ओ.पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जे.जी.एल.एस.) से डिप्टी डायरेक्टर सूर्यकांत जैन तथा चीफ मैनेजर (एडमिशन्स एंड आउटरीच) अमित विज ने विशेष विशेषज्ञों के रूप में शिरकत की। सैशन के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों, उपयुक्त विषयों के चयन, कैरियर के लिए आवश्यक योग्यताओं तथा प्रभावी शैक्षणिक योजना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचियों की पहचान करने, अपनी क्षमताओं को समझने तथा भविष्य में उभरते अवसरों का विश्लेषण कर आत्मविश्वास के साथ कैरियर संबंधी निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। डा.रुद्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा प्रदान करने में कैरियर मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, विशेष रूप से उस समय जब उन्हें अपनी शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल विद्यार्थियों को नए अनुभव, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन तथा ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उन्हें भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें। सैशन के अंत में विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल की सचिव डॉली भास्कर ने दोनों विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों के साथ साझा किए गए बहुमूल्य ज्ञान एवं अनुभव के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

page 4_Layout 1 22-10-2026 18:42 Page 1

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय और वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से विद्यार्थियों को रोजगार के लिए मिलेगी विशेष प्रशिक्षण सुविधा

विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाने के लिए स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क के साथ समझौता

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के योग्य बनाने और उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत विश्वविद्यालय ने वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क (एस.डी.एन.) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना और उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इस समझौते पर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) के. एस. चहल और स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क के निदेशक ङ्कसंस्थान स्र. रमन हांडा ने ऑनलाइन हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन अकादमिक मामले प्रो. (डॉ.) हरविंदर सिंह सैनी, विश्वविद्यालय उद्योग संपर्क कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बलमीत सिंह गिल तथा प्लेसमेंट एवं करियर संवर्धन निदेशालय के निदेशक डॉ. अमित चोपड़ा भी उपस्थित थे।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) के. एस. चहल, स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क के निदेशक ङ्कसंस्थान स्र. रमन हांडा, डीन अकादमिक मामले प्रो. (डॉ.) हरविंदर सिंह सैनी, विश्वविद्यालय उद्योग संपर्क कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बलमीत सिंह गिल तथा प्लेसमेंट एवं करियर संवर्धन निदेशालय के निदेशक डॉ. अमित चोपड़ा।

वाधवानी फाउंडेशन एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संस्था है, जो रोजगार के अवसर पैदा करने और कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। इसका स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म की सहायता से विद्यार्थियों को रोजगार के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता, नौकरी में निरंतरता और करियर में प्रगति की संभावनाओं को बेहतर बनाना है। इसके अंतर्गत शिक्षकों के मार्गदर्शन और निगरानी में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रशिक्षण का समन्वित प्रबंध किया जाएगा। वाधवानी फाउंडेशन के लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सीखने के अवसर, व्यावहारिक अभ्यास और कौशल का आकलन करने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही 21वीं सदी के औद्योगिक मानकों के अनुरूप रोजगार संबंधी कौशलों को विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाने पर भी जोर दिया गया है।

प्रो. (डॉ.) हरविंदर सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था के साथ आधुनिक कौशल विकास मॉडल को जोड़ने से विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। इससे गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बदलते वैश्विक रोजगार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक सक्षम बनेंगे और अपने व्यावसायिक जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) के. एस. चहल ने कहा कि इस प्रकार के भविष्य उन्मुख कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रशासनिक सहयोग और मजबूत बुनियादी ढांचा उपलब्ध करवाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क के निदेशक ङ्कसंस्थान स्र. रमन हांडा ने कहा कि दोनों संस्थाएं मिलकर कौशल प्रशिक्षण और शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उचित दिशा प्रदान करेंगी। इससे विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी क्षमताएं विकसित करने और प्रतिस्पर्धात्मक रोजगार बाजार में अपनी जगह बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. बलमीत सिंह गिल ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यस्थल पर प्रभावी संवाद, साक्षात्कार की तैयारी, व्यावसायिक व्यवहार और करियर के लिए समग्र तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। डॉ. अमित चोपड़ा ने बताया कि इस सहयोग को साकार करने के लिए प्लेसमेंट टीम ने संबंधित संस्था से संपर्क स्थापित करने और समझौते की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों की विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ेगी और स्नातक होने के बाद उनके लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के ए-जोन युवा मेले का दूसरा दिन कला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत के नाम

- श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिखाई अपनी रचनात्मक प्रतिभा



डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में आयोजित ए-जोन युवा मेले का दूसरा दिन कलात्मक प्रस्तुतियों, संगीत और रचनात्मक अभिव्यक्तियों के नाम रहा। पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित इस मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह युवा मेला श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित है। मेले के दूसरे दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता तथा प्रस्तुति कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दशमेश ऑडिटोरियम में लघु फिल्म, वेशभूषा परेड, माइम, मिमिक्री, स्किट और एकांकी के मुकाबले करवाए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों और जीवन के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

गोल्डन जुबली कन्वेंशन सेंटर में शास्त्रीय एकल गायन, शास्त्रीय वाद्य संगीत (ताल वाद्य एवं गैर-ताल वाद्य) और लोक वाद्यवृंद की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगत हॉल में रंगोली, पोस्टर निर्माण, मिट्टी के मॉडल बनाने और मेहंदी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं, कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रारंभिक और अंतिम चरण आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों के ज्ञान और बौद्धिक क्षमता की परख हुई। युवा कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह ने बताया कि मेले का अंतिम दिन 23 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

इस दिन दशमेश ऑडिटोरियम में वार गायन, कविशरी, कोरियोग्राफी, जनरल डांस और पश्चिमी एकल गायन की प्रतियोगिताएं होंगी। गोल्डन जुबली कन्वेंशन सेंटर में पश्चिमी समूह गायन और पश्चिमी वाद्य संगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। संगत हॉल में पारंपरिक कलाओं से संबंधित प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि कॉन्फ्रेंस हॉल में अंग्रेजी भाषण और अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

पी.एस.ई.बी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले दूसरे दिन भी कर्मचारियों व पैंशनरों ने किया रोष प्रदर्शन



पी.एस.ई.बी कर्मचारी फेडरेशन एटक के पदाधिकारी मांगों को लेकर दूसरे दिन रोष प्रदर्शन करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, पी.एस.ई.बी इंप्लाईज फेडरेशन एटक शहरी मंडल फिरोजपुर एवं सब-अर्बन मंडल फिरोजपुर के बिजली कर्मचारियों व पैंशनरों ने संयुक्त फोर्म एवं एकता मंच के अह्वान पर अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी सर्कल दफ्तर फिरोजपुर के मैन गेट पर रोष प्रदर्शन किया और सरकार व मैनेजमैंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रोष प्रदर्शन कें दौरान संबोधित करते हुए अश्वनी कुमार प्रधान सब-अर्बन मंडल फिरोजपुर, सतीश कुमार सचिव सब अर्बन मंडल फिरोजपुर, त्रिलोचन सिंह सर्कल नेता, नंद लाल, साहिल चावला, रोहित देवगन, अमोलक सिंह, राम सुख, सतनाम सिंह, सोनू ने कहा कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों व पैंशनरों की मांगों को पूरा

- यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गई तो संघर्ष ओर तेज किया जाएगाःप्रदर्शनकारी

नहीं कर रही है, जिसके चलते उन्हें सघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई 2020 के गर्वमैंट स्कैल को रद्द करके पंजाब सरकार के स्कैल लागू किए जाऐं, पुरानी पैंशन बहाल की जाए, डीए की किश्ते जारी की जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, ठेकेदारी सिस्टम बंद करके रैगुलर भर्ती शुरु की जाए, 1016 के शोध किए स्कैलों की कमियां दूर की जाए और कर्मचारियों का बकाया दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आने वाले समय में वह संघर्ष ओर तेज करेंगे, जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

हिमाचल में सरकारी स्कूलों से क्यों दूर हो रहे बच्चे? पांच साल में 1.60 लाख विद्यार्थी घटे, सैकड़ों स्कूल बंद

नामांकन में 19.2 फीसदी की गिरावट, 826 स्कूलों का दूसरे संस्थानों में विलय; सवाल- क्या सरकारी शिक्षा व्यवस्था अभिभावकों का भरोसा जीत पाएगी?

डेली आवाज भारती

शिमला : हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों का लगातार सिमटता विद्यार्थी आधार शिक्षा व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पहाड़ी प्रदेश में कभी गांव-गांव तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने वाले सरकारी स्कूल अब घटते नामांकन से जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि पिछले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में पहली से जमा दो कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 1.60 लाख कम हो गई है। इसका असर अब केवल दाखिलों के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों के अस्तित्व, संसाधनों के इस्तेमाल और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की उपलब्धता पर भी पड़ रहा है। यू-डाइस के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2021-22 में हिमाचल के सरकारी स्कूलों में कुल 8,31,310 विद्यार्थी दर्ज थे। यह संख्या घटकर 6,71,542 रह गई। यानी पांच साल के भीतर 1,59,768 विद्यार्थी कम हो गए। नामांकन में यह गिरावट करीब



19.2 फीसदी है। औसतन देखें तो हर साल सरकारी स्कूलों से लगभग 32 हजार विद्यार्थियों का नामांकन कम हुआ। यह आंकड़ा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हिमाचल जैसे भौगोलिक चुनौतियों वाले राज्य में सरकारी स्कूल केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि दूरदराज के गांवों में सामाजिक और आर्थिक पहुंच का माध्यम भी हैं। विद्यार्थियों की घटती संख्या का सीधा असर स्कूलों के संचालन पर दिखाई देने लगा है। उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, बीते चार वर्षों में करीब 800 प्राथमिक और मिडल स्कूल बंद करने पड़े हैं। इसके अतिरिक्त, 10 से कम विद्यार्थियों वाले 826 स्कूलों का नजदीकी शिक्षण संस्थानों में विलय किया गया है। स्कूलों के बंद होने या विलय के पीछे कम नामांकन और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल का तर्क दिया जा रहा है। लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में किसी स्कूल का बंद होना केवल एक संस्थान का बंद होना नहीं है। इसका असर बच्चों की रोजाना की आवाजाही, अभिभावकों की चिंता और शिक्षा तक पहुंच पर भी पड़ सकता है। मैदानी क्षेत्रों के मुकाबले हिमाचल के दुर्गम गांवों में स्कूल की दूरी अधिक मायने रखती है।

क्या बच्चे निजी स्कूलों की ओर जा रहे हैं?

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की कमी को केवल निजी स्कूलों की ओर बढ़ते रुझान से जोड़कर देखना पूरी तस्वीर नहीं होगी। शिक्षा विभाग के अनुसार, घटती जन्म दर भी नामांकन में कमी का एक कारण है। हालांकि, अभिभावकों की बदलती अपेक्षाएं, अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई, आधुनिक शिक्षण सुविधाएं, प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक वातावरण और स्कूलों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं भी दाखिले के फैसले को प्रभावित कर सकती हैं। अभिभावक अब केवल नजदीकी स्कूल नहीं, बल्कि बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक अवसर भी तलाश रहे हैं। ऐसे में सरकारी स्कूलों के सामने चुनौती केवल बच्चों के दाखिले बढ़ाने की नहीं, बल्कि पढ़ाई की गुणवत्ता और अभिभावकों के विश्वास को मजबूत करने की भी है।

गोल्डन टेंपल में फूट-फूटकर रोईं एक्ट्रेस सारा अली खान



डेली आवाज भारती

अमृतसरः बॉलीवुड एक्ट्रेस और सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ मंगलवार को गोल्डन टेंपल पहुंचीं। इस दौरान माथा टेकते वह फूट-फूटकर रोने लगीं। वह अपनी मां अमृता सिंह को भी याद कर रही थीं। एक्ट्रेस के साथ मौजूद गाइड सरबजीत सिंह ने बताया कि सारा ने गोल्डन टेंपल के अंदर अपनी इच्छा जाहिर की थी कि क्या वह वीडियो कॉल के जरिए अपनी मां को यहां के दर्शन करवा सकती हैं। हालांकि, जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश है, उस स्थान पर मोबाइल से वीडियो कॉल करने या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं होने के कारण उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। सरबजीत सिंह के मुताबिक, जब तक सारा गोल्डन टेंपल में रहीं, वह भावुक ही दिखाई दीं। इसका वीडियो भी सामने आया। गोल्डन टेंपल से बाहर आकर उन्होंने कहा कि मम्मी की बहुत याद आ रही है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा।

देशभर में दशहरा खत्म, कुल्लू में क्यों शुरू होता है उत्सव ? 400 साल पुरानी परंपरा में छिपा है जवाब

राजा जगत सिंह के दौर से जुड़ा है अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का इतिहास, भगवान रघुनाथ की रथयात्रा से होती है देव महाकुंभ की शुरुआत, सात दिन तक जुटते हैं सैकड़ों देवी-देवता

डेली आवाज भारती

कुल्लू। देश के अधिकांश हिस्सों में दशहरे के दिन रावण दहन के साथ बुराई पर अ'छाई की जीत का पर्व संपन्न हो जाता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की देवभूमि कुल्लू में दशहरा एक नई शुरुआत का संदेश लेकर आता है। यहां दशहरे का उत्सव केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि सात दिनों तक चलने वाला ऐसा धार्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है, जिसमें सैकड़ों देवी-देवता एक ही स्थान पर एकत्रित होते हैं। यही विशेषता अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा को देश के अन्य दशहरा उत्सवों से अलग पहचान देती है।

वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 21 से 27 अक्तूबर तक ढालपुर मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी भगवान रघुनाथ की भव्य रथयात्रा के साथ उत्सव का आगाज हुआ है। घाटी के विभिन्न क्षेत्रों से देवी-देवताओं के आगमन के बीच ढालपुर का मैदान देव आस्था, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बन गया है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब देशभर में दशहरा विजयादशमी के दिन मनाकर समाप्त कर दिया जाता है, तो कुल्लू में इसी अवसर पर उत्सव की शुरुआत क्यों होती है? इसके पीछे सदियों पुरानी धार्मिक मान्यताएं, राजपरंपरा और भगवान रघुनाथ के प्रति घाटी की अटूट आस्था जुड़ी हुई है।

राजा जगत सिंह के दौर से जुड़ी है परंपरा

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का इतिहास 17वीं शताब्दी से जुड़ा माना जाता है। इसकी शुरुआत कुल्लू के तत्कालीन राजा जगत सिंह के शासनकाल से मानी जाती है। प्रचलित ऐतिहासिक परंपरा और जनश्रुति के अनुसार राजा जगत सिंह के जीवन में एक ऐसी घटना हुई, जिसने कुल्लू की धार्मिक परंपराओं को नई दिशा दी। कहा जाता है कि राजा को दुर्गादत्त नामक एक किसान से जुड़े घटनाक्रम के बाद श्राप का सामना करना पड़ा था। इस संकट से मुक्ति पाने के लिए राजा ने संत कृष्णदास पयहारी की सलाह पर अयोध्या से भगवान रघुनाथ की प्रतिमा कुल्लू लाने का प्रयास किया। लोकमान्यता के अनुसार, भगवान रघुनाथ की प्रतिमा अयोध्या से कुल्लू लाई गई और राजा ने उन्हें अपना आराध्य तथा रा'य का प्रमुख देवता स्वीकार किया। इसके बाद राजा ने स्वयं को भगवान रघुनाथ का सेवक माना और उनके सम्मान में धार्मिक आयोजन की परंपरा विकसित हुई। यह कथा कुल्लू दशहरे की उत्पत्ति से जुड़ी प्रमुख जनश्रुति है। इसके अलग-अलग विवरण स्थानीय परंपराओं में मिलते हैं। समय के साथ भगवान रघुनाथ की आराधना केंद्रित यह आयोजन घाटी के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में विकसित हुआ।

विजयादशमी से ही क्यों जुड़ी है शुरुआत?

कुल्लू दशहरे की सबसे बड़ी विशेषता इसका धार्मिक स्वरूप है। देश के अनेक हिस्सों में विजयादशमी भगवान श्रीराम की रावण पर विजय के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। यहां भी भगवान श्रीराम के ही स्वरूप भगवान रघुनाथ की आराधना होती है, लेकिन उत्सव की परंपरा का केंद्र रावण दहन के बजाय देवसमागम और रघुनाथ जी की सामूहिक पूजा है। भगवान रघुनाथ को घाटी का प्रमुख आराध्य देवता मानने की परंपरा के कारण दशहरे का आयोजन उनके सम्मान में किया जाता है। विजयादशमी के अवसर पर उनकी भव्य रथयात्रा निकाली जाती है और इसके साथ ही सप्ताहभर चलने वाले धार्मिक उत्सव का क्रम आगे बढ़ता है।



यहां दशहरा किसी एक विजय प्रसंग के मंचन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देवी-देवताओं के मिलन, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामुदायिक आस्था का उत्सव बन जाता है। यही वजह है कि कुल्लू में दशहरा समापन का नहीं, बल्कि देव मिलन और उत्सव के आरंभ का प्रतीक बन गया है।

रघुनाथ जी की रथयात्रा से जीवंत होती है देव परंपरा : कुल्लू दशहरे के प्रमुख आकर्षणों में भगवान रघुनाथ की रथयात्रा का विशेष स्थान है। इस दौरान भगवान रघुनाथ की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ सुसज्जित लकड़ी के रथ में विराजमान किया जाता है। ढालपुर में उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन, जयकारों और देव परंपरा के बीच रथयात्रा का दृश्य श्रद्धा का अनूठा अनुभव कराता है। रथ को श्रद्धालु पारंपरिक रीति के अनुसार खींचते हैं। इस धार्मिक आयोजन में देवी-देवताओं के साथ आए देवलुओं और स्थानीय समुदायों की भागीदारी उत्सव को विशेष बनाती है। रथयात्रा केवल एक धार्मिक जुलूस नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक परंपरा का प्रतीक भी है, जिसके माध्यम से कुल्लू घाटी भगवान रघुनाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करती है।

सैकड़ों देवी-देवताओं का महाकुंभ, देवभूमि की अनूठी पहचान : कुल्लू दशहरे को देव महाकुंभ कहे जाने के पीछे यहां जुटने वाले देवी-देवताओं की बड़ी संख्या प्रमुख कारण है। घाटी के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से देवी-देवता अपनी पारंपरिक पालकियों, देवरथों और वाद्ययंत्रों के साथ ढालपुर पहुंचते हैं। इस दौरान उनके साथ देवलु, कारदार, पुजारी, बजंत्री और श्रद्धालु भी आते हैं। वर्ष 2026 के उत्सव के लिए ×47 देवी-देवताओं को आमंत्रित किए जाने की जानकारी सामने आई है। यह समागम कुल्लू की विशिष्ट देव संस्कृति का परिचायक है। देवताओं के आगमन के साथ ढालपुर मैदान का स्वरूप बदल जाता है। अलग-अलग क्षेत्रों की अपनी धार्मिक परंपराएं, वेशभूषा, वाद्ययंत्र और देव रीति-रिवाज यहां एक साथ दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यताओं में देवी-देवताओं को केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें गांवों की सामाजिक व्यवस्था, सामुदायिक निर्णयों और सांस्कृतिक पहचान से भी जोड़कर देखा जाता है। इसी कारण कुल्लू दशहरा स्थानीय समुदायों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने वाला आयोजन भी है।

दशहरे में नहीं होता रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला दहन : कुल्लू दशहरे की एक और खासियत यह है कि यहां देश के अनेक हिस्सों की तरह रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले जलाने की परंपरा नहीं है। यहां दशहरे की धार्मिक गतिविधियां भगवान रघुनाथ की आराधना और देवी-देवताओं के समागम के इर्द-गिर्द केंद्रित रहती हैं। उत्सव के समापन की ओर ब्यास नदी के निकट पारंपरिक लंका दहन से जुड़ी रस्में निभाई जाती हैं। इस परंपरा का स्वरूप भी अन्य क्षेत्रों के रावण दहन से अलग है। पहले समापन से जुड़ी कुछ धार्मिक रस्मों में पशु बलि की प्रथा भी शामिल थी, लेकिन वर्ष 2014 में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के प्रतिबंध के बाद इन आयोजनों में बदलाव आया। अब प्रतीकात्मक वस्तुओं और अन्य निर्धारित परंपराओं के माध्यम से रस्में निभाई जाती हैं। इस तरह कुल्लू दशहरा अपनी विशिष्ट धार्मिक पहचान और बदलते समय के साथ परंपराओं के अनुकूलन का उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

सात दिन तक लोक संस्कृति, संगीत और नाटी की धूम : कुल्लू दशहरा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि हिमाचली लोक संस्कृति का बड़ा मंच भी है। सात दिनों तक ढालपुर में पारंपरिक लोकनृत्य, कुल्लवी नाटी, लोक संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और व्यापारिक गतिविधियां उत्सव की रौनक बढ़ाती हैं। हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा देश के अन्य रा'यों और विदेशों से आने वाले सांस्कृतिक दल भी इस उत्सव को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं। कुल्लू की पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, ऊनी उत्पाद, कुल्लवी शॉल और स्थानीय व्यंजन पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनते हैं। सिड्डू जैसे पारंपरिक पकवानों से लेकर हस्तनिर्मित उत्पादों तक, दशहरा स्थानीय कारीगरों, कारोबारियों और छोटे व्यापारियों के लिए भी अवसर लेकर आता है। इस दौरान पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से होटल, परिवहन, खानपान और स्थानीय बाजारों को भी लाभ मिलता है।

आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का भी बड़ा आधार : अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का प्रभाव धार्मिक और सांस्कृतिक दायरे से आगे बढ़कर स्थानीय अर्थव्यवस्था तक पहुंचता है। उत्सव के दौरान देश-विदेश से पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इससे स्थानीय कारोबार, परिवहन सेवाओं, होटल व्यवसाय और हस्तशिल्प बाजार को गति मिलती है। दशहरा स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने का माध्यम भी है। कुल्लू की शॉल, पारंपरिक वस्त्र और हस्तनिर्मित सामान इस आयोजन की सांस्कृतिक पहचान को आर्थिक अवसरों से जोड़ते हैं। हालांकि, बढ़ती भीड़ के बीच यातायात प्रबंधन, स्व'छता, सुरक्षा और पारंपरिक देव व्यवस्था का सम्मान बनाए रखना भी आयोजन की महत्वपूर्ण चुनौती है।

कुल्लू दशहराः परंपरा जो आज भी जीवंत है : सदियों से चली आ रही कुल्लू दशहरे की परंपरा यह दर्शाती है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में एक ही पर्व के धार्मिक स्वरूप और उत्सव मनाने के तरीके कितने विविध हो सकते हैं। जहां अनेक स्थानों पर दशहरा विजयादशमी के दिन रावण दहन के साथ समाप्त होता है, वहीं कुल्लू में भगवान रघुनाथ की आराधना और सैकड़ों देवी-देवताओं के मिलन से एक नए उत्सव का आरंभ होता है। यहां दशहरा केवल इतिहास की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान में जीवंत एक ऐसी परंपरा है, जिसमें गांव, देवता, लोक संस्कृति और समुदाय एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यही कुल्लू दशहरे की असली पहचान है, यहां दशहरा एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि देव आस्था, लोक संस्कृति और सामूहिक विरासत का सात दिवसीय महोत्सव है।

CMYK

page 5_Layout 1 22-10-2026 19:30 Page 1

परमिंदर सिंह गोल्डी ने सनी एन्क्लेव से तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया : पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत सनी एन्क्लेव के वार्ड नंबर 9 से श्रद्धालुओं को सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दरबार साहिब, अमृतसर के दर्शन करवाने के लिए ले जाने वाली बस को श्रद्धा और उत्साह के माहौल में रवाना किया गया। इस बस को खरड़ विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज एवं पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी और उनकी टीम के सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने सभी श्रद्धालुओं को सुखद एवं सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की



कि वे श्री दरबार साहिब में नतमस्तक होकर पंजाब की तरक्की, खुशहाली और सर्वभले के लिए अरदास करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है और लोगों में धार्मिक आस्था एवं भाईचारे की भावना मजबूत होती है। बस की रवानगी के दौरान श्रद्धालुओं में श्री दरबार साहिब के दर्शन करने को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और क्षेत्रवासियों ने श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय होने की कामना की। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान प्रिंस धालीवाल, हाकम सिंह, सुखविंदर बाठ, मनजीत कौर वालिया, परमजीत कौर, सतविंदर कौर, हरमीत सिंह छिब्बड़ सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति और निवासी मौजूद रहे।

दोआबा ग्रुप ऑफ कॉलेज, खरड़ में नशों के खिलाफ और ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता सेमिनार आयोजित

विद्यार्थियों को नशों से दूर रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और खेलों से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया : युवाओं को नशों के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने, सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने और खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस की ओर से दोआबा ग्रुप ऑफ कॉलेज, खरड़ में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस.ए.एस. नगर श्री वरुण शर्मा और पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) श्री रमणदीप सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत उप पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) श्री करनैल सिंह ने विद्यार्थियों को नशों से दूर रहने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि



नशों का सेवन युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके भविष्य को भी नुकसान पहुंचाता है। विद्यार्थियों को नशों से दूर रहकर खेलों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों से वाहन चलाते समय गति नियंत्रण में रखने, लाल बत्ती पार न करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, शराब या नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बचने की अपील की गई। विद्यार्थियों को सड़क पर चलते समय मानवीय मूल्यों और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्हें समझाया गया कि एंबुलेंस को तुरंत रास्ता देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की बिना किसी डर के मदद करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर पहली बार उल्लंघन के लिए 5,000 रुपये और दूसरी बार उल्लंघन करने पर 10,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अतिरिक्त, लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार छह महीने तक की कैद और तीन महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। सेमिनार के अंत में श्री करनैल सिंह ने विद्यार्थियों को खेलों से जुड़ने, अनुशासन अपनाने और समाज में नशों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

फिरोजपुर मंडल के प्रमुख एवं छोटे रेलवे स्टेशनों पर आयोजित किए जा रहे 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार, विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत फिरोजपुर मंडल के प्रमुख एवं छोटे रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज वीरवार को अमृतसर, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, लुधियाना, फिरोजपुर कैंट, ब्यास, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, फिल्लौर सहित फिरोजपुर मंडल के कुल 24 रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों, युवाओं तथा अन्य हितधारकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और रेल सेवाओं, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता आदि विषयों पर उनके सुझावों और प्रतिक्रियाओं को सुना।



रेल जन संवाद कार्यक्रम में अधिकारी लोगों को जानकारी देते हुए।

प्राप्त सुझावों और प्रतिक्रियाओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही, युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनके साथ 'रेल जन युवा संवाद' भी स्थापित किया गया, ताकि रेलवे सेवाओं को बेहतर बनाने में युवा अपने विचार एवं सुझाव साझा कर सकें। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक ी संजीव कुमार ने इस अभियान की अध्यक्षता करते हुए फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक नितिन गर्ग ने अमृतसर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों, युवाओं तथा अन्य हितधारकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। रेल यात्रियों ने इस पहल की सराहना की तथा यात्री सुविधाओं और स्वच्छता के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किए। जबकि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल के प्रमुख एवं छोटे रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से यात्रियों, युवाओं और अन्य हितधारकों से सीधे संवाद कर उनके सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं प्राप्त की जा रही हैं। यह पहल यात्रियों को यात्री सुविधाओं से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान कर रही है। यात्रियों की सक्रिय भागीदारी और प्राप्त सुझावों के आधार पर रेल सेवाओं को अधिक सुविधाजनक एवं यात्री-अनुकूल बनाना है।

अमृतसर विकास प्राधिकरण की दो अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई, कॉलोनियों को ढहाया गया

- पापरा एक्ट-1995 के तहत नोटिस जारी होने के बावजूद निर्माण कार्य जारी रखने पर की गई कार्रवाई

डेली आवाज भारती

अमृतसर/केएस बेदी। पंजाब सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए अमृतसर विकास प्राधिकरण (एडीए), पुड्डा के जिला नगर योजनाकार (रेगुलेटरी) विंग द्वारा आज अमृतसर जिले में दो अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें ढहा दिया गया। यह कार्रवाई एडीए के मुख्य प्रशासक श्री नितेश कुमार जैन, आईएएस, तथा अतिरिक्त मुख्य प्रशासक श्री इनायत, पीसीएस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार की गई। एडीए के रेगुलेटरी विंग द्वारा थाना कथूनंगल के पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में अमृतसर-पठानकोट रोड पर स्थित गांव पाखरपुरा में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी तथा गांव दियालपुर में लिंक रोड पर बनाई जा रही एक अन्य अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए रेगुलेटरी विंग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार भविष्य के विकास को नियमित करने और अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाने के उद्देश्य से गांव पाखरपुरा और गांव दियालपुर में विकसित की जा रही इन कॉलोनियों के संबंध में पापरा एक्ट-1995 के तहत नोटिस जारी किए गए थे तथा निर्माण एवं विकास कार्य बंद करवाए गए थे। इसके बावजूद कॉलोनियों के मालिकों द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण देने के बजाय मौके पर विकास कार्य जारी रखे गए। इसे गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार 22 अक्टूबर, 2026 को दोनों अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई। अधिकारियों ने बताया कि पापरा एक्ट-1995 में वर्ष 2024 के दौरान किए गए संशोधन के अनुसार अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ 5 से 10 वर्ष तक की कैद तथा 25 लाख रुपये से 5 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

जीरकपुर में महिलाओं को नशों के विरूद्ध लामबंद करेंगी हरसिमरत कौर बादल

- अकाली दल 27 अक्टूबर को नशों के विरूद्ध जीरकपुर में करेगा रैली

डेली आवाज भारती

जीरकपुर। शिरोमणि अकाली दल महिलाओं को नशों के विरूद्ध लामबंद करेगा। इसी उद्देश्य के साथ आगामी 27 अक्टूबर को जीरकपुर में नशा विरोधी रैली का आयोजन किया जा रहा है। अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन के शर्मा ने रैली के संबंध में आज यहां आयोजित बैठक में कहा कि 27 अक्टूबर को जीरकपुर के दशहरा मैदान में आयोजित रैली में बठिंडा से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी। इस रैली को मावां दी ललकार, बंद करागे नशे दा



कारोबार दिया गया है। एन के शर्मा ने कहा कि इस रैली में अधिक से अधिक महिलाओं की भागेदारी होगी। जिसके लिए पार्टी के सभी नेता अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को रैली में शामिल होने के लिए लामबंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशों के विरूद्ध आवाज उठाने वालों को अब केवल मौत ही मिलती है। पंजाब सरकार नशा तस्करों को संरक्षण दे रही है। शिरोमणि अकाली दल द्वारा घर-घर जाकर लोगों को नशा तस्करों के विरूद्ध एकजुट किया जा रहा है। अकाली दल इस मामले में महिलाओं के साथ मिलकर नशों के विरूद्ध लड़ाई लड़ेगा। आज की बैठक में सभी नेताओं की रैली के संबंध में डयूटियां लगाई गई। पार्टी की सर्कल प्रधान महिलाओं को इस मुहिम के साथ अधिक से अधिक महिलाओं को जोडने का आहवान किया गया। इस अवसर पर अकाली नेता कृष्ण पाल शर्मा,सुरेश शारदा, अमरीश भल्ला, गौरव शर्मा, राजू हनी, संजीव संजू, दिलबाग चंडियाला व अनिल समगौली समेत कई अकाली नेता मौजूद थे।

पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने सीएचसी गुरुहरसहाय में भेंट की 20 लाख से अधिक की मशीनें

सीएचसी अस्पताल की एसएमओ एवं स्टाफ ने रमिन्द्र आवला का अभार जताया

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जलालाबाद से पूर्व विधायक रमिन्द्र सिंह आवला हमेशा जरुरतमंदों की सहायता करने के लिए आगे रहते ह और इसी कड़ी तहत बीते दिन उन्होंने गुरुहरसहाय एवं आस-पास के लोगों को अच्छी सेहत सुविधाऐं मुहैया करवाने के उद्देश्य को लेकर 20 लाख रुपए से अधिक की सेहत जांच से संबंधित मशीनें सीएचसी गुरुहरसहाय को भेंट करते हुए उनका अपने कर कमलों से उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएचसी गुरुहरसहाय की एसएमओ करनवीर कौर, डा.सचिन कंबोज, डा.समाईल प्रीत, पारस मक्कड़ एलटी, अजय कुमार एल.टी, राज कुमार, सीमा गिरधर, गुरविन्द्र कौर, मिस्टर कृष्णा आदि ने पूर्व विधायक आवला





सीएचसी अस्पताल गुरुहरसहाय में भेंट की गई मशीनों का उद्घाटन करते हुए और अस्पताल के स्टाफ के साथ जानकारी देते हुए पूर्व विधायक रमिन्द्र सिंह आवला व अन्य।

का धन्यावाद किया। मालूम हो कि आवला की तरफ से सीएचसी गुरुहरसहाय में बायोकेमिस्ट्री जांच मशीन रक्त में विभिन्न रासायनिक तत्वों की जांच करने के लिए और इसमें विभिन्न प्रकार से टैस्ट किए जाते है और रक्त कोशिकाओं की जांच करने वाली मशीन जिससे सी.बी.सी टेस्ट करने के लिए, जिससे लाल रक्त कोशिकाओं, सफेद रक्त कोशिकाओं, हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स के बारे में पता चलता है औ यह विभिन्न बीमारियों की पहचान करने में मद्द करती है। इसके साथ ही रक्त के नमक और इलेक्ट्रोलाइट्स की जांच करने वाली मशीन जोकि रक्त में सोडियम, पोटेशियम और क्लोराइड जैसे तत्वों की जांच करने के लिए काम आती है और यह लोगों को सेहत सुविधाऐं मुहैया करवाने में अहम साबित होंगी। इस मौके पर रमिन्द्र आवला ने कहा कि मेरा एक ही उद्देश्य है, लोगों को हर तरह की सुविधाऐं मुहैया करवाना और उसके लिए मैं और मेरी टीम दिन रात मेहतन कर रही है। उन्होंने कहा कि गुरुहरसहाय के लोगों को आने वाले समय में वह हर सुविधा मुहैया करवाई जाऐगी, जिसके वह हकदार है। उन्होंने कहा कि गुरुहरसहाय क्षेत्र मेरा परिवार है और मैं कभी भी अपने परिवार को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दूंगा।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ के नए बस स्टैंड की प्रगति को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा प्रस्तावित बस टर्मिनल, लेआउट और बजट पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया : खरड़ शहर में आधुनिक सुविधाओं से लैस नया बस स्टैंड बनाने की परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने नगर परिषद कार्यालय, खरड़ में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान नए बस स्टैंड की परियोजना को लेकर चल रही योजना और अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बस स्टैंड के लेआउट और नक्शे को अंतिम रूप देने के साथ-साथ परियोजना के बजट को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकारी अधिकारी श्री अशोक पथरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नए बस स्टैंड का लेआउट तैयार करके अगली कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया



गया है। प्रस्तावित बस टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना है। बैठक में यहां फायर स्टेशन, सरकारी कार्यालय, ऑडिटोरियम और मल्टीलेवल पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, ताकि शहरवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले यात्रियों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इस अवसर पर सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि खरड़ तेजी से विकसित हो रहा शहर है। शहर की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए बस स्टैंड की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति और लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। साथ ही, परियोजना से संबंधित आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने पर जोर दिया। बैठक में एसडीएम खरड़ सरदार गुरमीत सिंह, कार्यकारी अधिकारी श्री अशोक पथरिया, ब्लॉक समिति के चेयरमैन सरदार रघुवीर सिंह मोदी, एएमई सरदार जतिंदर सिंह, आर्किटेक्ट आशीष बंसल और गोविंदर चीमा, राम सरूप, नगर परिषद का कार्यालय स्टाफ तथा पूर्व पार्षद भी उपस्थित रहे।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में पांच दिवसीय 'दस्तक थिएटर फेस्टिवल 2026' का आयोजन, नामी कलाकारों ने प्रस्तुत किए शानदार नाटक

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, संदीप अकालगढ़िया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक 'दस्तक थिएटर फेस्टिवल 2026' में कहानी कहने की कला, मानवीय भावनाओं और रंगमंच की विविध विधाओं का शानदार संगम देखने को मिला। यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ आर्ट एंड कल्चरल अफेयर्स की ओर से आयोजित इस महोत्सव में फिल्म, टेलीविजन और थिएटर जगत की नामी हस्तियों, कलाकारों, कला क्षेत्र के पेशेवरों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। महोत्सव में प्रेम, रिश्तों, हास्य, सामाजिक बुराइयों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित नाटकों के माध्यम से दर्शकों को मनोरंजन के साथ समाज और जीवन के विभिन्न पहलुओं को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर मिला। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में जीटीसी नेटवर्क के संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष रबिंदर नारायण, अभिनेत्री



जूही बब्बर सोनी, पंजाबी फिल्म अभिनेता मलकीत रौणी, जीटीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रोग्रामिंग प्रमुख निखिल मिश्रा तथा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की निदेशक जन्नत कौर संधू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस वर्ष के आयोजन में अभिनेता राकेश बेदी, दानिश इकबाल, जतिन सरना, परितोष त्रिपाठी, सुगंधा श्रीवास्तव, अनामिका सागर, राजेंद्र शर्मा 'नानू', अजीत चौधरी, संदीप बंसल, गायक अमन जाजी, अभिनेता शिशिर शर्मा और फिल्म निर्माता एवं गीतकार बंटी बैंस सहित मनोरंजन जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रबिंदर नारायण ने कहा कि थिएटर केवल अभिनय का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और जीवन जीने की कला सिखाने का भी महत्वपूर्ण जरिया है। रंगमंच व्यक्ति को संवाद करना, अपने विचार व्यक्त करना, दूसरों से जुड़ना और बेहतर ढंग से सोचना सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को थिएटर गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रंगमंच व्यक्ति को बेहतर नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की निदेशक जन्नत कौर संधू ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए प्रयासरत है, जो कुशल और सफल होने के साथ जिज्ञासु, संवेदनशील और अलग दृष्टिकोण से सोचने में सक्षम हों। उन्होंने कहा कि 'दस्तक थिएटर फेस्टिवल 2026' कलात्मक अभिव्यक्ति, मानवीय अनुभवों की विविधता और कहानी कहने की उस शक्ति का उत्सव है, जो लोगों के दिलों को छूने के साथ उनकी बौद्धिक और भावनात्मक समझ को भी विकसित करती है। महोत्सव में एकल अभिनय, मिमिक्री, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्मों, स्टैंडअप कॉमेडी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं के साथ छह प्रमुख नाटकों का मंचन किया गया।

CMYK

page 6_Layout 1 22-10-2026 19:16 Page 1

डिजिटल क्रिएटर से एक्ट्रेस बनने तक का सफर

प्राजक्ता कोली बोलीं- 'दर्शकों का प्यार देता है कॉन्फिडेंस'



मुंबई। एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो %डबल डेट% में डिजिटल क्रिएटर से फिल्मों तक के अपने सफर और दर्शकों से मिले प्यार के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर उनसे जुड़े लोगों की वजह से उन्हें प्रोफेशनल लाइफ में एक अलग तरह का कॉन्फिडेंस मिलता है। एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने कहा कि जब वह बड़े कलाकारों के साथ फिल्मों में काम करती हैं, तो उनके मन में यह चिंता नहीं रहती कि दूसरे लोग उन्हें पसंद करेंगे या नहीं। इसके बजाय वह चाहती हैं कि जो दर्शक उनकी फिल्म देखने के लिए टिकट खरीदते हैं, उन्हें भी उनका काम पसंद आए। प्राजक्ता ने कहा, ज्यादातर जगहों पर मैं थोड़े कॉन्फिडेंस के साथ जाती हूं, क्योंकि सोशल मीडिया पर मेरी अपनी कम्युनिटी है। मैं यह बात विनम्रता के साथ कहना चाहती हूं कि मुझे जो काम मिला है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। जब मैं जुगजुग जिओ कर रही थी, तब वह मेरी सबसे बड़ी फिल्म थी। उसमें बड़े कलाकार और शानदार स्टारकास्ट थी। लेकिन, मेरे दिमाग में यह नहीं था कि पता नहीं वे लोग मुझे पसंद करेंगे या नहीं। उन्होंने कहा, मेरी सोच यह थी कि जो लोग फिल्म देखने के लिए टिकट खरीदते हैं, वे मुझे पसंद करें। मैं चाहती थी कि दर्शकों को मेरा काम अच्छा लगे, लेकिन इसके लिए दूसरे कलाकारों की अहमियत कम नहीं होनी चाहिए।

प्राजक्ता ने बताया कि 'जुगजुग जिओ के सेट पर अनिल कपूर, नीतू कपूर, कियारा आडवाणी, करण जौहर, मनीष पॉल और वरुण धवन समेत सभी लोगों ने उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। एक्ट्रेस ने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों से मिले प्यार ने मुझे फिल्मों में काम करते समय भी आत्मविश्वास दिया। मेरे लिए यह जरूरी है कि मैं अपने काम से उन लोगों का दिल जीत सकूं, जो लंबे समय से मुझे फॉलो कर रहे हैं और अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर मेरे काम को देखते हैं।

दिव्या दत्ता ने किया मनोज बाजपेयी का समर्थन, बोलीं-हम पॉजिटिविटी छोड़ नेगेटिविटी की ओर हो जाते हैं आकर्षित

मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने पुलिस का समर्थन करते हुए कहा था कि किसी भी व्यक्ति को उसके पेशे के आधार पर जज नहीं करना चाहिए। उनकी इस बात से अब अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने भी सहमति जताई। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा कि हर पेशे में अलग-अलग तरह के लोग होते हैं, सभी को एक जैसा नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷मनोज बाजपेयी ने बहुत अच्छे से इस बात को कहा है कि हमें किसी के पेशे के आधार पर उस इंसान को जज नहीं कर सकते, जब तक हम उसे अच्छे से नहीं जान जाते हैं। हर किसी का सोचने और लोगों को देखने का तरीका अलग होता है।÷ अभिनेत्री ने यह भी माना कि हर इंसान अक्सर सकारात्मक चीजों की ओर आकर्षित होने के बजाय नकारात्मक चीजों की ओर ज्यादा जाता है। उन्होंने कहा, ÷हर प्रोफेशन में हर तरह के लोग मिलते हैं लेकिन हम हमेशा यही करते हैं कि नकारात्मक बातों को जल्दी पकड़ लेते हैं और सकारात्मक



बातों को छोड़ देते हैं। तो मुझे लगता है कि हमें इसे जैसे है, वैसे ही रहने देना चाहिए। दरअसल, अभिनेता ने हाल ही में आईएएनएस के साथ बातचीत में टाइगर श्रॉफ पर हुए फायरिंग हमले और मुंबई-दिल्ली में हुए सीजेपी विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस की हो रही आलोचना पर अपनी बात रखी थी। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में मनोज बाजपेयी ने कहा था कि कुछ लोगों की वजह से पूरे प्रोफेशन की छवि खराब नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि हर पेशे में कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो अपना काम ईमानदारी से करते हैं, तो कुछ अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हैं। दरअसल, अभिनेता मनोज बाजपेयी और दिव्या दत्ता जल्द ही फिल्म गजब गजब रात में साथ नजर आएंगे। पहले इस फिल्म का नाम घूसखोर पंडित था, जिसे टाइटल पर हुए विवाद के बाद बदलकर गजब रात कर दिया गया है। इसका निर्देशन रितेश शाह ने किया है और इसे नीरज पांडे के फ्राइडे स्टोरीटेलर्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है।

कॉलेज के नाटक में देवेन वर्मा को देख बी.आर. चोपड़ा ने दिया था पहला ब्रेक, 600 रुपए थी पहली सैलरी



नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार रहे हैं, जिन्होंने अपनी एक्टिंग से दर्शकों को खूब हंसाया। ऐसे ही कलाकारों में देवेन वर्मा का नाम शामिल है। अपनी कॉमेडी और शानदार टाइमिंग से पहचान बनाने वाले देवेन ने करीब पांच दशक तक फिल्मों में काम किया, हालांकि उनकी फिल्मी दुनिया में एंट्री किसी बड़े ऑडिशन या फिल्मी परिवार के सहारे नहीं हुई। वह कॉलेज के दिनों में नाटकों और यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लिया करते थे। एक कार्यक्रम में उनकी परफॉर्मेंस देखने के बाद मशहूर फिल्ममेकर बी.आर. चोपड़ा ने उन्हें फिल्म %धर्मपुत्र% में काम करने का मौका दिया। उस समय देवेन को इसके लिए हर महीने 600 रुपए मिलते थे। देवेन वर्मा का जन्म 23 अक्टूबर 1937 को हुआ था। उनका परिवार बाद में पुणे में रहने लगा, जहां उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने पुणे के नॉरोजी वाडिया कॉलेज से पॉलिटिक्स और सोशियोलॉजी की पढ़ाई की। कॉलेज में रहते हुए उन्हें नाटकों और स्टेज परफॉर्मेंस में दिलचस्पी होने लगी। वह यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेते थे और ड्रामा ग्रुप के साथ भी जुड़े हुए थे। फिल्मों के कलाकारों की नकल करने में भी उन्हें मजा आता था। देवेन ने 2013 में एक इंटरव्यू में बताया था कि वह स्टेज शो किया करते थे। एक दिन नॉर्थ इंडिया पंजाबी एसोसिएशन के कार्यक्रम में वह एक नाटक पेश कर रहे थे। वहां बी.आर. चोपड़ा भी मौजूद थे। उनकी परफॉर्मेंस देखकर बी.आर. चोपड़ा ने उन्हें अपनी फिल्म धर्मपुत्र में काम करने का मौका दिया। साल 1961 में रिलीज हुई धर्मपुत्र से देवेन ने फिल्मों में कदम रखा। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। इसके बाद वह कुछ समय के लिए विदेश में स्टेज शो करने चले गए। बाद में उन्हें एवीएम स्टूडियो के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने करीब तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर काम किया और एक्टिंग की ट्रेनिंग भी ली। साल 1963 में आई फिल्म गुमराह में उन्होंने अशोक कुमार के नौकर का किरदार निभाया। यह एक कॉमिक रोल था और दर्शकों ने उनके काम को पसंद किया। इसके बाद वह आज और कल, अनुपमा और कहीं और चल जैसी फिल्मों में भी नजर आए। देवेन को पहचान मिलने में कुछ साल लगे, लेकिन उन्होंने अपने काम से फिल्म इंडस्ट्री में जगह बना ली। साल 1975 में आई फिल्म %चोरी मेरा काम% उनके करियर की अहम फिल्म साबित हुई। इसमें उनके कॉमिक अंदाज को पसंद किया गया और उन्हें इस फिल्म के लिए 1976 में फिल्मफेयर का बेस्ट कॉमेडियन अवॉर्ड मिला। इसके बाद %चोर के घर चोर% के लिए 1979 और %अंगूर% के लिए 1983 में उन्हें इसी कैटेगरी में फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। इस तरह वह तीन बार यह सम्मान जीतने में सफल रहे।

हनी सिंह को बोहेमिया ने बताया भाई

मेहमाननवाजी के लिए सिंगर को कहा शुक्रिया



मुंबई। रैपर बोहेमिया ने सिंगर यो यो हनी सिंह के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने हनी सिंह और उनकी मां को खास मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया। बोहेमिया ने खुद को और अपनी पत्नी को मिले प्यार और सम्मान के लिए आभार जताते हुए हनी सिंह को अपना भाई बताया। बोहेमिया ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मैं और मेरी पत्नी आपकी गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी के लिए आभारी हैं। मेरे भाई हनी और उनकी मां को धन्यवाद। ढेर सारा प्यार और सम्मान। बता दें कि बोहेमिया का असली नाम रोजर डेविड है। उन्होंने और हनी सिंह ने सवाल पूछदी गाने में साथ काम किया है। यह गाना 2025 के आखिर में रिलीज हुए हनी सिंह के बड़े म्यूजिक प्रोजेक्ट 51 ग्लोरियस डेज का हिस्सा था। इस प्रोजेक्ट में कुल 51 ट्रैक शामिल थे। बोहेमिया पाकिस्तानी-अमेरिकी सिंगर, सॉन्गराइटर, रैपर और म्यूजिक प्रोड्यूसर हैं। उन्हें देसी हिप-हॉप इंडस्ट्री के शुरुआती और अहम कलाकारों में गिना जाता है। उनके एल्बम पैसा नशा प्यार को खास पहचान मिली थी। इसे किसी बड़े म्यूजिक लेबल से रिलीज होने वाला पहला फुल-लेंथ पंजाबी रैप एल्बम माना जाता है। बोहेमिया ने बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी गाने गाए हैं। उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म चांदनी चौक टू चाइना का टाइटल ट्रैक परफॉर्म किया था। साल 2011 में उन्होंने अक्षय कुमार की पहली हॉलीवुड प्रोडक्शन फिल्म ब्रेकअवे के लिए भी एक गाना तोहफे के तौर पर दिया था। बोहेमिया ने 2019 में अपने ईपी स्कल एंड बोन्स-वॉल्यूम 2 का तीसरा सिंगल उम्मीद रिलीज किया था। इसके अगले महीने उन्होंने पंजाबी सिंगर और रैपर सिद्धू मूसेवाला के साथ सेम बीफ गाने में काम किया। उनका अप्रैल 2022 में पांचवां स्टूडियो एल्बम आई एम आईकॉन रिलीज हुआ, जिसका म्यूजिक दीप जंडू ने तैयार किया था। साल 2024 में उन्होंने अपना छठा स्टूडियो एल्बम रैप स्टार रीलोडेड रिलीज किया, जिसमें 10 ट्रैक शामिल थे।

इंडियन आइडल पर शिल्पा शेट्टी ने ताजा की पहले सीजन की यादें



अभिजीत सावंत को देखकर कही ये बात

मुंबई। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न के सेट पर लगभग दो दशक बाद नजर आईं। उन्होंने शो के पहले सीजन की यादों को ताजा करते हुए गायक अभिजीत सावंत की तारीफ की और कहा कि इतने साल बाद भी उनकी मुस्कान वैसी ही बरकरार है। उन्होंने शो के पहले सीजन की यादों को ताजा किया, जब उन्होंने अभिजीत सावंत की मुस्कान की तारीफ की थी। पहले सीजन के एक पुराने वीडियो में शिल्पा, अभिजीत से कहती हुई सुनाई देती हैं, मुझे तुम्हारी स्माइल बहुत पसंद है। यह बहुत सुकून देने वाली है। शो का पहला सीजन जीतने के बाद उनकी जिंदगी कैसे बदल गई, इसे याद करते हुए अभिजीत ने कहा, उसके बाद जो लाइफ चेंज हुई है। पूरी सोसायटी बोलती थी, यार तू बहुत अच्छा स्माइल करता है, यार।दो दशक से ज्यादा समय बाद सिंगर से दोबारा मिलते हुए शिल्पा ने कहा, ÷22 साल हो गए, आपकी स्माइल अब भी उतनी ही अच्छी है। अभिनेत्री ने इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न पर अपनी वापसी को लेकर आईएएनएस के साथ बात की। उन्होंने बताया था कि स्टेज पर लौटे कलाकारों के सफर और उनकी ग्रोथ पर भी बात की। उन्होंने कहा, इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खुशी की बात थी, खासकर इसलिए क्योंकि मैं समझती हूं कि म्यूजिक टैलेंट को खोजने और निखारने के लिए यह कितना खास प्लेटफॉर्म है। इन कलाकारों को ज्यादा अनुभव, अपनी अलग पहचान और आत्मविश्वास के साथ लौटते देखना बहुत अच्छा लगा। उनका जुनून और दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव ही इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न को टैलेंट, ग्रोथ और संगीत की कभी न खत्म होने वाली ताकत का एक खूबसूरत जश्न बनाता है। इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न में हिमेश रेशमिया सुपरस्टार जज के तौर पर लौटे हैं, जबकि आदित्य नारायण शो को होस्ट कर रहे हैं। इस शो में अभिजीत सावंत, अमित सना और सायली कांबले जैसे सिंगर्स शामिल हैं।

बड़ी गाड़ी और काला चश्मा पहनकर बिना बुलाए अमिताभ की दीपावली पार्टी में घुस गए थे मीका सिंह, फिर जो हुआ...



मुंबई। सिंगर मीका सिंह ने हाल ही में क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की दीपावली पार्टी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था, जब वह अमिताभ बच्चन की मशहूर दीपावली पार्टी में शामिल होने का सपना देखते थे। एक बार तो वह बिना न्योते के ही पार्टी में पहुंच गए थे, लेकिन फिर एक एहसास के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। शो में किस्सा सुनाते हुए मीका ने कहा कि वह अक्सर दीपावली के दौरान अमिताभ बच्चन के घर के सामने से गुजरते थे। उस समय बिग बी की दीपावली पार्टी काफी मशहूर हुआ करती थी, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे शामिल होते थे। उनकी भी इच्छा थी कि कभी उन्हें इस पार्टी में शामिल होने का न्योता मिले। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन से मीका ने कहा, मैं आपके घर के आगे से जाता था। आपकी दीपावली पार्टी बहुत मशहूर होती थी। वहां बहुत सारे सुपरस्टार आते थे और सबसे बड़े सुपरस्टार तो खुद अमिताभ बच्चन हैं। जब भी उनकी दीपावली पार्टी होती थी, मैं उनके गेट के सामने से गुजरता था। मेरी बहुत इच्छा होती थी कि कब मैं इनके घर जाऊंगा और कब मुझे वहां से बुलावा आएगा। इसके बाद मीका ने बताया कि एक बार उन्होंने अपनी बड़ी कार की मदद से पार्टी में एंट्री करने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, मैंने घर बड़ा नहीं लिया था, लेकिन मेरी गाड़ी बहुत बड़ी थी। उसे देखकर सबको लगता था कि गाड़ी के अंदर कोई सुपरस्टार बैठा है। अमिताभ बच्चन के घर पर दीपावली पार्टी चल रही थी। वहां मीडिया और सिक्योरिटी मौजूद थी। मैं गेट के सामने गया और हॉर्न बजाया। सिक्योरिटी वालों ने गेट खोल दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि कोई बड़ा सुपरस्टार आया है। मैंने चश्मा पहन रखा था और गाड़ी के शीशे भी काले थे। इस तरह मैं अंदर घुस गया।


हालांकि, मीका को जल्द ही एहसास हो गया कि वह बिना बुलाए पार्टी में पहुंच गए हैं।

करण जौहर को हमसफर की तलाश, बोले- कोई हो जिसके साथ जिंदगी की छोटी-बड़ी खुशियां बांट सकूं



मुंबई। फिल्ममेकर करण जौहर ने अपनी पर्सनल लाइफ और प्यार को लेकर दिल की बात कही है। उन्होंने बताया कि वह अपनी जिंदगी में एक ऐसे पार्टनर की तलाश में हैं, जिसके साथ वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें शेयर कर सकें, अपनी खुशियों का जश्न मना सकें और जिंदगी के खास पलों को साथ जी सकें। करण ने ये बातें अपने चैट शो %कॉफी विद करण 9% के एक एपिसोड में एक्टर विजय देवरकोंडा के साथ बातचीत के दौरान कही। दरअसल, शो में बातचीत के दौरान विजय ने एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ अपने रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा, मैं रश्मिका का हाथ थामे रखना चाहता हूं और आप जानते हैं कि वह मेरे साथ सुरक्षित हैं। इसके बाद विजय ने करण से पूछा कि वह अपनी जिंदगी में क्या चाहते हैं। इस पर करण ने बताया कि वह चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनके जुड़वां बच्चों यश और रूही की परवरिश में बराबर की जिम्मेदारी निभाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके लिए शादी करना शायद तकनीकी रूप से संभव न हो, लेकिन वह एक रिश्ते में जरूर रहना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं ऐसा इंसान चाहता हूं, जिसके साथ मैं अपने दिन की छोटी-छोटी बातें शेयर कर सकूं। जिसके साथ जिंदगी की बड़ी खुशियां मना सकूं। मेरे लिए रिश्ते का मतलब रोजमर्रा की जिंदगी में एक-दूसरे का साथ देना भी है। मैं किसी ऐसे शख्स के साथ जिंदगी बिताना चाहता हूं, जिसके साथ मैं अपनी जिंदगी के खास पलों को सेलिब्रेट कर सकूं। मैं चाहता हूं कि मेरे जीवन में ऐसा इंसान हो, जिसे मैं अपना कह सकूं और जिसके साथ मुझे प्यार, सम्मान और अपनापन महसूस हो।

करण टैकर ने स्कॉटलैंड में शुरू की नए प्रोजेक्ट की शूटिंग !



मुंबई एक्टर करण टैकर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू कर दी है और इसकी पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। करण ने शूट के पहले दिन की बिहाइंड द सीन्स तस्वीर पोस्ट करते हुए एक ऐसा नोट लिखा, जिसने उनके नए सफर को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। तस्वीर शेयर करते हुए करण ने लिखा, ÷एक नया प्रोजेक्ट, एक नया चैप्टर और एक बड़ा रिस्क। अभी ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन कभी-कभी सबसे बड़े रिस्क ही सबसे रोमांचक सफर की शुरुआत करते हैं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। करण की इस पोस्ट में शूटिंग के शुरुआती दिनों की झलक देखने को मिली। हालांकि, उन्होंने फिलहाल प्रोजेक्ट से जुड़ी डिटेल्स को सीक्रेट ही रखा है, लेकिन उनके कैप्शन से साफ है कि वह इस नई शुरुआत को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। स्कॉटलैंड में कैमरा रोल हो चुका है और अब फैंस को इंतजार है कि आखिर इस बार करण क्या नया लेकर आने वाले हैं। इस बार करण का लुक भी काफी बदला-बदला नजर आ रहा है। बढ़े हुए बाल और घनी दाढ़ी के साथ उनका रफ-टफ अंदाज चर्चा में है। नए प्रोजेक्ट के साथ उनका यह नया लुक भी फैंस की उत्सुकता बढ़ा रहा है। हालांकि, प्रोजेक्ट की कहानी और बाकी कलाकारों को लेकर अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है। वर्कफ्रंट की बात करें तो स्कॉटलैंड में शूटिंग शुरू होने के साथ करण टैकर के पास कई और प्रोजेक्ट्स भी पाइपलाइन में हैं। यानी आने वाला वक्त उनके लिए काफी बिजी और दिलचस्प रहने वाला है। फिलहाल, फैंस को करण के अगले अपडेट का इंतजार करना होगा, क्योंकि इस नए प्रोजेक्ट के पत्ते अभी पूरी तरह खुले नहीं हैं!

CMYK

page 7_Layout 1 22-10-2026 17:52 Page 1

भारत और पोलैंड ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का रखा लक्ष्य, निवेश और तकनीक सहयोग पर जोर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को 2030 तक भारत और पोलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया। दोनों नेताओं की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों देशों ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द हस्ताक्षर, उसके स्वीकृति और समयबद्ध क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। नेताओं का मानना है कि इससे व्यापार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे, महत्वपूर्ण वैल्यू चेन को अधिक विविध और मजबूत बनाया जा सकेगा तथा नए बाजारों तक पहुंच संभव होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश और कारोबार विस्तार के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत का विशाल बाजार, कुशल कार्यबल, तेजी से बढ़ता विनिर्माण क्षेत्र और नवाचार-आधारित इकोसिस्टम विदेशी कंपनियों के लिए बड़े अवसर प्रदान करता है। वहीं डोनाल्ड टस्क ने पोलैंड में भारतीय निवेश की सराहना करते हुए कहा कि पोलैंड, मध्य और पूर्वी यूरोप के साथ-साथ व्यापक यूरोपीय बाजार में विस्तार करने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार बन सकता है। दोनों नेताओं ने कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। इसके लिए द्विपक्षीय कार्य समूह की गतिविधियों को फिर से शुरू किया जाएगा, जिससे कृषि व्यापार और तकनीकी सहयोग को नई गति मिल सके। दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पोलैंड बिजनेस फोरम का भी स्वागत किया, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने उद्योग जगत को औद्योगिक मशीनरी, रक्षा, अवसंरचना, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, क्रिटिकल मिनरल्स, ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और अन्य क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। नेताओं ने मजबूत और विविधीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने, नवाचार-आधारित विकास और डिजिटल परिवर्तन के महत्व पर भी बल दिया।

दोनों पक्षों ने माना कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आर्थिक विकास, उत्पादकता बढ़ाने और सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती हैं। भारत-यूरोपीय संघ व्यापक रणनीतिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई, सेमीकंडक्टर और क्वांटम तकनीकों पर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई। उन्होंने व्यवसायों, अनुसंधान संस्थानों और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के बीच घनिष्ठ सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया। अंतरिक्ष क्षेत्र को भी रणनीतिक साझेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया। दोनों नेताओं ने संस्थागत और उद्योग स्तर पर सहयोग को मजबूत करने तथा परस्पर लाभकारी अंतरिक्ष परियोजनाओं की पहचान करने के प्रयासों का स्वागत किया। संयुक्त बयान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र को भविष्य के सहयोग का महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया गया। इसके अलावा दोनों देशों ने सर्कुलर इकोनॉमी, बैटरी रीसाइक्लिंग और रेयर अर्थ मिनरल्स के प्रसंस्करण में साझेदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की। भू-विज्ञान, खनन और क्रिटिकल मिनरल्स क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी।

पुलिसकर्मियों की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर सहायता राशि बढ़ाने पर मंथन

- राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक

डेली आवाज भारती



डीजीपी की अध्यक्षता में कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर चर्चा - पुलिस लाइनों में सुविधाएं, सीएसआर से सहयोग और ग्रीन ड्राइव भी विचार जयपुर। राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बे ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बे ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। पुलिस परिसरों में हरियाली बे ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। न्यास के कोष को मजबूत करने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत संस्थानों से सहयोग प्राप्त करने और पुलिसकर्मियों की आर्थिक भागीदारी बे ाने के विकल्पों पर भी चर्चा हुई। डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि कार्मिक कल्याण पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। न्यास का दायरा बे ाने और पुलिसकर्मियों के हित में कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिए गए सुझावों पर कार्य किए जाएं।

नोएडा: नशे की तस्करी के मामले में एक साल से फरार 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



नोएडा। गौतमबुद्धनगर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फेस-2 पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 22 अक्टूबर को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सेक्टर-80 के डी-ब्लॉक से पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद शादाब उर्फ सोनू उर्फ शमशाद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त थाना फेस-2 में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में पिछले करीब एक वर्ष से वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर उसकी लोकेशन के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे सेक्टर-80 के डी-ब्लॉक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद शादाब उर्फ सोनू उर्फ शमशाद आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उस पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गांजा तस्करी जैसी आपराधिक घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ थाना फेस-2 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

दिल्ली में प्रतिबंधित पटाखों का सप्लायर गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने 57.8 किलो पटाखे किए बरामद

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के उत्तर-पूर्वी जिले के एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने प्रतिबंधित पटाखों के एक सप्लायर को पकड़ा है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उसके पास से 57.8 किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए हैं। आरोपी की पहचान दिल्ली के अशोक नगर निवासी विशाल (35) के रूप में हुई है। जिले में प्रतिबंधित पटाखों की अवैध सप्लाई पर रोक लगाने के लिए चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत उसे 21 अक्टूबर को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, यह ऑपरेशन वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एएटीएस की एक टीम द्वारा चलाया गया। इस टीम का नेतृत्व उत्तर-पूर्व जिले के एएटीएस प्रभारी, इंस्पेक्टर दीपक पांडे कर रहे थे। गुप्त सूचना मिलने पर टीम ने अशोक नगर इलाके में जाल बिछाया और आरोपी को उस समय पकड़ लिया, जब वह प्रतिबंधित पटाखों से भरे कई बोरे ले जा रहा था। इन पटाखों का कुल वजन 57.8 किलोग्राम था।

इस बरामदगी के बाद, ज्योति नगर पुलिस स्टेशन में 21 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

इस महीने की शुरुआत में एक अन्य घटना में, दिल्ली पुलिस के %एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड% और हर्ष विहार पुलिस स्टेशन की एक संयुक्त टीम ने मंडोली गांव में पटाखों के एक अवैध भंडारण केंद्र का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने वहां से 567.30 किलोग्राम पटाखे और उससे जुड़ी सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 12 अक्टूबर को तब सामने आया, जब इलाके में गश्त कर रही पुलिस टीम को सूचना मिली कि मंडोली में एक जगह पर पटाखे जमा करके रखे गए हैं। यह जानकारी तुरंत हर्ष विहार पुलिस स्टेशन को दी गई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। मंडोली में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास गली नंबर 12 में एक घर की पहली मंजिल पर स्थित इस जगह पर पुलिस को बड़ी मात्रा में पटाखे और उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री मिली, जो कार्टन और बोरियों में रखी गई थी। बरामद सामग्री की जांच की गई, उसका वजन किया गया, उसके नमूने लिए गए और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे जब्त कर लिया गया। इसके बाद, हर्ष विहार पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 9बी के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई।

दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय हेरोइन नेटवर्क का किया भंडाफोड़

सात आरोपी गिरफ्तार, 60 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने हेरोइन बनाने और उसकी आपूर्ति करने वाले एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा से लेकर उत्तर प्रदेश और झारखंड तक फैला हुआ था। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 8.128 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 करोड़ रुपए है। 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ की ओर से चलाए गए अभियान में हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाले 3.291 किलोग्राम रसायन और कच्चा माल, 12.81 लाख रुपए नकद, तीन एसयूवी, एक मोटरसाइकिल और नशीले पदार्थों के अवैध उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए गए। जांच में सप्लायरों, हेरोइन बनाने वाली एक यूनिट और अफीम की अवैध खेती में शामिल एक व्यक्ति के बीच संबंध की बात भी सामने आई है।

181 राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण: शासन सचिव ने आम नागरिक बनकर परखी व्यवस्था

- मौके पर हुआ शिकायतों का निस्तारण, पोर्टल की शिकायतों के लिए पृथक सेल गठित करने के निर्देश

डेली आवाज भारती



जयपुर। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने गुरूवार को 181 राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोर्टल की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा और स्वयं फोन कॉल के जरिए दर्ज कराई गई शिकायतों का हाथों-हाथ समाधान भी सुनिश्चित करवाया। शासन सचिव जैन ने एक आम नागरिक की तरह 181 पर कॉल कर पोर्टल की व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा लिया। उन्होंने कॉल प्रतिनिधि से मिले सकारात्मक फीडबैक की सराहना की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 181 पर बड़ी संख्या में प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं और समस्या समाधान का स्तर भी बढ़ रहा है, जिससे संपर्क पोर्टल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। निरीक्षण के दौरान चित्तौड़गढ़ से सीवरेज का पानी सड़क पर फैलने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर शासन सचिव ने तत्काल वीसी के माध्यम से अधिशासी अभियंता जितेंद्र मीणा को निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने के साथ ही कार्य से पहले और बाद की तस्वीरें मुख्यालय को भिजवाने के निर्देश भी दिए, ताकि कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग हो सके।

बसों का ठहराव सुनिश्चित करने और जीपीएस मॉनिटरिंग के निर्देश–

जयपुर के महेंद्र सैनी ने गोनेर के ठाणे स्थित बस स्टैंड होने के बावजूद बसें नहीं रुकने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर शासन सचिव ने संबंधित अधिकारी से सीधी बात की। उन्होंने संबंधित रूट की बसों का ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बसों में लगे जीपीएस के जरिए निरंतर निगरानी रखने के आदेश भी दिए।

गंगानगर मैराथन में पीएनबी ने दिया आर्थिक सहयोग



डेली आवाज भारती

श्रीगंगानगर। शहर में फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और÷नशा मुक्ति' के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 25 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली' गंगानगर मैराथन 2026' में पंजाब नेशनल बैंक भी सहयोग करेगा। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां दीपक कुक्के ने बताया कि मैराथन में सहयोग के लिए गुरूवार को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 50 हजार रूपये की वित्तीय राशि का चेक जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन को सौंपा गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विरेन्द्र पाल सिंह, एलडीएम मुकेश जांगड़ा, पीएनबी की नगरपरिषद शाखा के सत्री अरोड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा रोशन चायल सहित अन्य मौजूद रहे। कुक्के ने बताया कि सामाजिक सरोकार और स्वास्थ्य के संदेश के मद्देनजर पीएनबी कर्मचारियों ने भी बे ी संख्या में मैराथन में दौ ने के लिए अपना पंजीकरण कराया है। बैंक अधिकारियों ने फिट गंगानगर सोसायटी के पदाधिकारियों को सहयोग राशि का चेक औपचारिक रूप से सौंपते हुए मैराथन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर 2 अक्टूबर को मतदान

5. 2 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

डेली आवाज भारती

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। चार स्नातक और चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले इस चुनाव में 5.×2 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव मैदान में कुल 150 उम्मीदवार हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को की जाएगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आठों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 5,×2,847 मतदाता पंजीकृत हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 4,92,594 मतदाता हैं। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 1,4×,988 मतदाता हैं। इसके बाद कोसी में 1,×4,072, दरभंगा में 1,26,951 और पटना में 87,58× मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। वहीं, चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 40,25× मतदाता हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 11,719 मतदाता हैं, जबकि सारण में 10,748, दरभंगा में 9,026 और तिरहुत में 8,760 मतदाता हैं। जिन सीटों पर चुनाव हो रहा है, उनमें पटना स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत स्नातक, कोसी स्नातक, पटना शिक्षक, दरभंगा शिक्षक, तिरहुत शिक्षक और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।

चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक दल भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) चार-चार सीटों पर मैदान में हैं। भाजपा ने पटना शिक्षक सीट से नवल किशोर यादव, कोसी स्नातक से डॉ. एनके यादव, तिरहुत स्नातक से सर्वेश कुमार और तिरहुत शिक्षक सीट से नरेंद्र कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, जन सुराज पार्टी सभी आठ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पटना स्नातक से अनुज सिंह, तिरहुत स्नातक से विमोहन कुमार, तिरहुत शिक्षक से श्याम नंदन यादव और सारण शिक्षक से अफाक अहमद को उम्मीदवार बनाया है। अफाक अहमद इस सीट से दोबारा चुनाव मैदान में हैं। वर्तमान में शिक्षक सीट पर पटना में भाजपा, सारण में निर्दलीय, तिरहुत में भाकपा, दरभंगा में कांग्रेस का कब्जा है, जबकि स्नातक क्षेत्र में पटना में जदयू, दरभंगा और तिरहुत में निर्दलीय तथा कोसी में भाजपा का कब्जा है। जन सुराज ने पटना शिक्षक से दिव्य 'योति, दरभंगा शिक्षक से एसपी राय, दरभंगा स्नातक से मोहम्मद इम्तियाज नूरानी और कोसी स्नातक से रजनीश रंजन को टिकट दिया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में मनीष तिवारी ने उठाया अंतरराष्ट्रीय न्याय और पीड़ितों के अधिकारों का मुद्दा

डेली आवाज भारती



ट्रिब्यूनलों के शेष कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने पर जोर, पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा तथा ऐतिहासिक रिकॉर्ड के संरक्षण की पैरवी चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए, वैश्विक शांति, सुरक्षा और कूटनीति के मुद्दों पर भारत का पक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान अपने संबोधन में, तिवारी ने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय आपराधिक ट्रिब्यूनलों के शेष कार्यों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय तंत्र की अध्यक्ष न्यायाधीश ग्रेसीला गाटी सांताना की दस्तावेज संख्या ए/81/287 में दर्ज रिपोर्ट के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं और इस तंत्र के अधिकार क्षेत्र को प्रभावी ढंग से लागू करने के उनके प्रयासों की सराहना करते हैं। तिवारी ने कहा कि हम दोषियों को सजा से बचने से रोकने की लड़ाई में इस तंत्र के योगदान को स्वीकार करते हैं और न्याय, निष्पक्षता, स्वतंत्रता तथा उचित कानूनी प्रक्रिया के सिद्धांतों के अनुरूप इसके अधिकार क्षेत्र से संबंधित कार्यों को पूरा करने के महत्व को दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय के हितों की रक्षा करना और पीड़ितों के अधिकारों को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। तिवारी ने कहा कि रिपोर्टिंग अवधि के दौरान इस तंत्र ने अपने न्यायिक और शेष कार्यों को पूरा करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। जैसे-जैसे यह संस्था अपने अधिकार क्षेत्र से संबंधित कार्यों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, हम इस बात पर जोर देते हैं कि न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना और शेष जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाते हुए हस्तांतरण की प्रक्रिया कुशल, सुचारू और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए। तिवारी ने जोर देते हुए, कहा कि भारत इस तंत्र द्वारा पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा, राष्ट्रीय न्यायिक संस्थानों को सहायता तथा ट्रिब्यूनल के रिकॉर्ड के संरक्षण और प्रबंधन सहित शेष कार्यों को जारी रखने के महत्व को रेखांकित करता है। ये कार्य विशेष उद्देश्यों के लिए स्थापित ट्रिब्यूनलों की विरासत को सुरक्षित रखने और निरंतर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। तिवारी ने कहा कि हम इस तंत्र, संयुक्त राष्ट्र सचिवालय और संबंधित सदस्य देशों के बीच मौजूद कानूनी, प्रशासनिक तथा लॉजिस्टिक चुनौतियों के समाधान के लिए सहयोग के महत्व पर भी जोर देते हैं।

आम आदमी पार्टी के दावों पर एच.एस. लक्की का पलटवार :

दीपा दुबे और उनके बेटे को कांग्रेस पहले ही 6 साल के लिए कर चुकी थी निष्कासित

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने आम आदमी पार्टी द्वारा दीपा दुबे और उनके परिवार के सदस्यों के कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल होने को लेकर किए जा रहे दावों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को तथ्यों की सही जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए और राजनीतिक लाभ लेने के लिए भ्रामक दावे करने से बचना चाहिए।लक्की ने स्पष्ट किया कि दीपा दुबे और उनके पुत्र साहिल दुबे को लोकसभा चुनाव के दौरान ही कांग्रेस पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि दोनों की ओर से पार्टी में वापस आने के प्रयासों के बावजूद कांग्रेस ने उन्हें दोबारा पार्टी में शामिल नहीं किया था। ऐसे में उन्हें कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं के रूप में पेश करना तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत करने जैसा है। एच.एस. लक्की ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए बताए जा रहे पांच लोगों में से चार दीपा दुबे के परिवार से संबंधित हैं– दीपा दुबे, उनके पति, उनके बेटे और उनकी बेटी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मामला एक ही परिवार के सदस्यों का है और दीपा दुबे तथा उनके बेटे को कांग्रेस पहले ही निष्कासित कर चुकी थी, तो इस घटनाक्रम को कांग्रेस के लिए राजनीतिक नुकसान के रूप में प्रचारित करने का क्या औचित्य है? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को राजनीतिक बयानबाजी करने से पहले तथ्यों की जांच करनी चाहिए। जनता को गुमराह करने के बजाय पार्टी को यह बताना चाहिए कि वह चंडीगढ़ के लोगों के बीच अपने काम और उपलब्धियों के आधार पर विश्वास क्यों नहीं बना पा रही है। लक्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में लगातार नए लोग शामिल हो रहे हैं। उनके अनुसार, हाल के दिनों में आम आदमी पार्टी के पांच निर्वाचित पार्षद भी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने इसे आम आदमी पार्टी के संगठन और नेतृत्व के लिए गंभीर राजनीतिक सवाल बताते हुए कहा कि पार्टी को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपने नेताओं और पार्षदों के पार्टी छोड़ने के कारणों पर आत्ममंथन करना चाहिए। एच.एस. लक्की ने कहा, ÷आम आदमी पार्टी को झूठे और भ्रामक दावों के सहारे राजनीतिक माहौल बनाने के बजाय तथ्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। कांग्रेस में कौन शामिल हुआ और किसे पहले ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका था, यह जनता से छिपाया नहीं जा सकता। राजनीति में विश्वसनीयता तथ्यों और काम से बनती है, केवल प्रचार से नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चंडीगढ़ में लगातार अपना संगठन मजबूत कर रही है।

CMYK

page 8_Layout 1 22-10-2026 21:47 Page 1

पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जीरकपुर के अंबाला रोड पर केमिस्टों की दुकानों की जांच की

डेली आवाज भारती

पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वीरवार को जीरकपुर के अंबाला रोड पर केमिस्ट दुकानों की अचानक जांच की। ड्रग इंस्पेक्टर जयजयकार सिंह के नेतृत्व में टीम ने 4 से 5 दुकानों पर पहुंचकर दवाइयों की जांच की। अधिकारियों के अनुसार, इस दौरान किसी भी दुकान से कोई प्रतिबंधित दवा बरामद नहीं हुई। विभाग ने स्पष्ट किया कि नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री रोकने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। पंजाब के मानसा में परमिंदर झोटे की मौत के बाद राज्य में नशे के खिलाफ कार्रवाई और जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम केमिस्ट दुकानों की जांच कर रही है, ताकि प्रतिबंधित दवाइयों की अवैध बिक्री पर रोक लगाई जा सके।



दवा विक्रेताओं को नियमों का पालन करने की हिदायत

जांच के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर जयजयकार सिंह ने केमिस्ट दुकानदारों से अपील की कि वे ऐसी दवाइयों की बिक्री न करें, जिनकी बिक्री प्रतिबंधित है या जो नियमों के विरुद्ध बेची जा रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित दवाइयां बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसोसिएशन बोली- नशे के खिलाफ मुहिम का समर्थन करेंगे

चेकिंग के दौरान केमिस्ट एसोसिएशन ने भी विभागीय टीम को सहयोग दिया। एसोसिएशन के प्रधान पुनीत कुमार ने दुकानदारों से जांच में सहयोग करने और नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन पंजाब सरकार की नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का पूर्ण समर्थन करती है। पुनीत कुमार ने कहा कि यदि एसोसिएशन का कोई सदस्य नशे की बिक्री में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ एसोसिएशन की ओर से भी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सदस्य को संस्था से बाहर कर दिया जाएगा और एसोसिएशन उसका समर्थन नहीं करेगी।

ड्राइव आगे भी रहेगी जारी

ड्रग इंस्पेक्टर जयजयकार सिंह ने बताया कि सरकार और विभाग की मुहिम के तहत अंबाला रोड पर 4 से 5 केमिस्ट दुकानों की जांच की गई। किसी भी दुकान से प्रतिबंधित दवा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सरकार और विभाग की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत अंबाला रोड पर 4 से 5 दुकानों की जांच की गई। किसी भी दुकान से प्रतिबंधित दवा बरामद नहीं हुई। अवैध रूप से प्रतिबंधित दवाइयां बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गुरदेव नगर सोसायटी में दिनदहाड़े दुकान से सिगरेट के बॉक्स और नकदी चोरी

भाग रहे एक युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़







डेली आवाज भारती

भबात की गुरदेव नगर सोसायटी में दिनदहाड़े दुकान से सिगरेट के बॉक्स और नकदी चोरी कर भाग रहे एक युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उसके हाथ बांधकर पिटाई की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीरकपुर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। लोगों का आरोप है कि युवक इलाके की कई सोसायटियों में घरों से कॉपर की तारें चोरी कर चुका है। उसके चोरी की घटनाओं में शामिल होने के सीसीटीवी फुटेज भी लोगों के पास मौजूद हैं। दुकान मालिक नारायण कुमार ने बताया कि वह सामने वाली दुकान से पानी लेने गया था। इसी दौरान एक युवक उसकी दुकान में घुस गया। दुकान में कमेटी के करीब 30 हजार रुपये और सिगरेट के 20 से 25 बॉक्स रखे थे। युवक सामान लेकर भागने लगा तो उसने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। शोर मचने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इस दौरान एक राहगीर ने युवक को पहचानते हुए आरोप लगाया कि वह पहले उसके घर से भी कॉपर की तारें चोरी कर चुका है, जिसकी सीसीटीवी फुटेज उसके पास है।

न्यू चंडीगढ़ में घर में चोरी करने वाली नौकरानी गिरफ्तार, डेढ़ लाख नकदी और जेवरात बरामद





डेली आवाज भारती

न्यू चंडीग, (हरतेज सिंह तेजी) : स्थानीय पुलिस ने न्यू चंडीगढ़ के एक मकान से नकदी और गहने चोरी करने के आरोप में घर में काम करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएचओ अमनदीप सिंह ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुख वरुण शर्मा के आदेशों तथा एसपी (ग्रामीण) जसपिंदर सिंह के नेतृत्व और स्थानीय डीएसपी हरकीरत सिंह की निगरानी में पुलिस टीम ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाली महिला को एक हफ्ते के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि मकान मालकिन जगरूप कौर पत्नी जसवीर सिंह सिद्धू (निवासी मकान नंबर 463, मनोहर इंफ्रा, न्यू चंडीगढ़) ने चोरी की इस घटना की शिकायत पुलिस को दी थी। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मकान मालकिन के घर से करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी और गहने चोरी हुए थे। पुलिस टीम द्वारा की गई जांच-पड़ताल के दौरान आरोपी महिला सीमा उर्फ जूम्पा दास पत्नी अमल दास (निवासी पश्चिम बंगाल, हाल निवासी किराएदार, धानस, चंडीगढ़ यूटी) को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से चोरी किए गए डेढ़ लाख रुपये नकद, करीब 13 तोला सोने के गहने और करीब सवा दो तोला चांदी के गहने बरामद कर लिए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की आगामी जांच-पड़ताल जारी है।

पंजाब विधानसभा का 6 दिवसीय स्पेशल सेशन का आगाज, नशा और कानून-व्यवस्था पर घिर सकती है मान सरकार

- सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने के आसार हैं

नशा तस्करी, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार मुद्दों पर फोकस

डेली आवाज भारती

पंजाब विधानसभा का 6 दिवसीय स्पेशल सेशन का आगाज होने जा रहा है। 27 अक्टूबर तक चलने वाले सत्र में नशा तस्करी, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस के आसार हैं। सत्र की शुरुआत दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के साथ होगी। विपक्ष नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या, राज्य में नशा तस्करी और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेर सकता है। इस दौरान पांच रिपोर्ट और तीन प्रस्ताव पेश किए जाने की जानकारी सामने आई है। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को जवाबदेही से बचने नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, तुरबंजारा के मजदूर गुलजार सिंह की आत्महत्या के मामले में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा से भी सवाल पूछे जा सकते हैं। कांग्रेस मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग उठा सकती है। वहीं, आम आदमी पार्टी सरकार का फोकस केंद्र की बीजेपी सरकार पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, आप मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। पार्टी नशे के खिलाफ अपने अभियान की उपलब्धियां गिनाकर विपक्ष के आरोपों का जवाब दे सकती है। साथ ही, पिछली सरकारों और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने में केंद्र की भूमिका पर सवाल उठाए जा सकते हैं।



सीबीआई और ईडी की कार्रवाई सदन में चर्चा का विषय

सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी सदन में चर्चा का विषय बन सकती है। आम आदमी पार्टी इन कार्रवाइयों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए केंद्र पर निशाना साध सकती है, जबकि विपक्ष इन्हीं मामलों को लेकर सरकार से सवाल कर सकता है। अब सबकी नजरें विधानसभा की कार्यवाही पर हैं कि नशा, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच क्या बहस होती है और सरकार क्या जवाब देती है।

मुल्लांपुर गरीबदास बाजार जाम मामला:

खबर छपते ही एक्शन में आई पुलिस, काटे चालान और दुकानदारों को दी हिदायत

डेली आवाज भारती

मुल्लांपुर गरीबदासः (हरतेज सिंह तेजी) 'डेली आवाज भारती' पर मुल्लांपुर गरीबदास बाजार के ट्रैफिक जाम को लेकर प्रमुखता से दिखाई गई खबर का असर अब धरातल पर नजर आने लगा है। खबर सामने आने के तुरंत बाद हरकत में आई ट्रैफिक पुलिस ने आज बाजार में विशेष अभियान चलाया।अभियान के दौरान नियमों की अनदे कर पार्क किए गए वाहनों के धड़ल्ले से चालान काटे गए। वहीं, सड़कों पर सामान रखकर रास्ता रोकने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे अपनी दुकानों की हद में ही रहें, अन्यथा आगे से और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बड़ी पार्किंग का होगा प्रबंधः ट्रैफिक इंचार्ज

मौके पर मौजूद ट्रैफिक इंचार्ज गुरमिंदर सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा से अपनी जिम्मेदारी निभाती आ रही है, लेकिन अब मुल्लांपुर गरीबदास बाजार में सख्ती और बढ़ाई जाएगी। उन्होंने यह भी खुशखबरी दी कि बाजार में आने वाले ग्राहकों की सहूलियत के लिए एक विशाल पार्किंग स्थल का प्रबंध किया जा रहा है। अंत में उन्होंने दुकानदारों और आम जनता से अपील की कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

गांव काठगढ़ में रेलवे विभाग द्वारा पैदल रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों में भारी रोष

नगर परिषद अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, ग्रामीणों ने की रास्ता बंद न करने की मांग

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के वार्ड नंबर 7 स्थित गांव काठगढ़ में रेलवे ट्रैक पार करने के लिए वर्षों से इस्तेमाल हो रहे पैदल रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा बंद करने की कार्रवाई शुरू की गई है। इस कार्रवाई के विरोध में बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने भारी रोष व्यक्त करते हुए नगर परिषद जीरकपुर को लिखित शिकायत दी और रास्ता बंद न करने की पुरजोर मांग की। शिकायत मिलते ही नगर परिषद जीरकपुर के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह विर्क ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों के अनुसार यह रास्ता काफी पुराना है और गांव के लोग ढकोली क्षेत्र तथा ऐतिहासिक गुरुद्वारा बाऊली साहिब जाने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। रास्ते पर पैदल आने-जाने के लिए लोहे का एक छोटा पुल भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि रेलवे ने यह रास्ता बंद कर दिया तो उन्हें ढकोली और गुरुद्वारा साहिब पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर काटकर जाना पड़ेगा। जानकारी देते हुए सुरिंदर सिंह बावा, बलवंत सिंह, गुरनाम सिंह, चरणजीत सिंह, देव, निर्मल सिंह, कुलदीप सिंह, रमन सिंह, मनप्रीत सिंह, मनिंदर सिंह तथा अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे कई दशकों से इस रास्ते का इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां से किसी भी वाहन की आवाजाही नहीं होती, बल्कि लोग केवल पैदल ही रेलवे ट्रैक पार करते हैं। उनका दावा है कि इस रास्ते के कारण आज तक कभी कोई रेल हादसा नहीं हुआ और न ही ट्रेनों की आवाजाही में कोई बाधा आई है। ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे विभाग राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर सकता है, यह एक सरकारी रास्ता है। दूसरी ओर, रेलवे विभाग का तर्क है कि रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ की जमीन उनके अधिकार क्षेत्र में आती है और यह रास्ता रेलवे की भूमि से होकर गुजरता है। मौके पर पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष के समक्ष ग्रामीणों ने रास्ते पर बने पुराने लोहे के पुल की मरम्मत करवाने की मांग भी रखी। इसके अलावा रास्ते के साथ गुजरने वाले बरसाती नाले की जर्जर हालत की ओर ध्यान दिलाते हुए उसकी जल्द मरम्मत करवाने की अपील की। ग्रामीणों ने रेलवे विभाग से गुहार लगाई है कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पैदल रास्ता बंद न किया जाए।



रिकॉर्ड की जांच के बाद रेलवे से करेंगे बातः अध्यक्ष विर्क

नगर परिषद अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह विर्क ने बताया कि उन्हें वार्ड नंबर 7 के गांव काठगढ़ के लोगों की शिकायत मिली थी, जिसके बाद उन्होंने बृहस्पतिवार को मौके पर जाकर जायजा लिया है। प्रथम दृष्टया यह रास्ता सरकारी प्रतीत होता है, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए संबंधित विभाग को राजस्व रिकॉर्ड की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि रिकॉर्ड में रास्ता सरकारी पाया गया तो उसी आधार पर रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर पुल और बरसाती नाले की मरम्मत के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

ओसवाल टाउनशिप दे रही आधुनिक आवासीय संस्कृति को नई पहचान, रोहित जिंदल और खुशहाल सिंगला शीतू की पहल

बदलती जीवनशैली के बीच बरनाला में बेहतर सुविधाओं, उचित कीमतों और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखकर विकसित हो रही आवासीय परियोजनाएं

डेली आवाज भारती

बरनालाः तेजी से बदलती जीवनशैली और शहरी विकास के बीच अब घर खरीदने वाले परिवार केवल जमीन या मकान तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि ऐसी आवासीय जगह को प्राथमिकता दे रहे हैं, जहां बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा, व्यवस्थित वातावरण और परिवार के लिए सुविधाजनक जीवनशैली उपलब्ध हो। इसी बदलती सोच को ध्यान में रखते हुए ओसवाल टाउनशिप के प्रमोटर रोहित जिंदल और खुशहाल सिंगला शीतू बरनाला में आवासीय विकास को नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। परियोजना से जुड़े प्रमोटरों का मानना है कि एक बेहतर आवासीय क्षेत्र का उद्देश्य केवल मकान उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना होना चाहिए, जहां परिवार लंबे समय तक आरामदायक और व्यवस्थित जीवन जी सकें। इसी सोच के तहत आधुनिक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर आवासीय विकास पर जोर दिया जा रहा है।

घर खरीदने की प्राथमिकताओं में आया बदलाव : पहले घर खरीदते समय जमीन की कीमत और मकान के आकार को सबसे अधिक महत्व दिया जाता था। अब खरीदार आसपास की सड़कों, बिजली-पानी की व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छ वातावरण और दैनिक जरूरतों तक आसान पहुंच जैसे पहलुओं पर भी ध्यान दे रहे हैं। खासकर मध्यमवर्गीय परिवार चाहते हैं कि उनकी मेहनत की कमाई से खरीदा गया घर भविष्य में भी उनकी जरूरतों के अनुरूप बना रहे। बढ़ती महंगाई के दौर में घर खरीदना परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक निर्णय है। ऐसे में आवासीय परियोजनाओं में कीमत और सुविधाओं के बीच संतुलन के साथ पारदर्शी जानकारी उपलब्ध होना भी महत्वपूर्ण है।



आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर जीवनशैली पर जोर : आज के शहरी विकास में नियोजित कॉलोनियों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। व्यवस्थित सड़कें, स्ट्रीट लाइट, बिजली-पानी की उपलब्धता, पार्क और स्वच्छ वातावरण जैसी सुविधाएं किसी भी आवासीय क्षेत्र को अधिक सुविधाजनक बनाने में योगदान देती हैं। ओसवाल टाउनशिप में भी आधुनिक आवासीय जरूरतों और परिवारों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर विकास की अवधारणा को प्रमुखता दी जा रही है। इसका उद्देश्य ऐसा आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां लोगों को दैनिक जीवन की जरूरतों के लिए बेहतर व्यवस्था मिल सके।



भरोसा और पारदर्शिता हैं महत्वपूर्ण आधार : रियल एस्टेट क्षेत्र में किसी भी परियोजना की सफलता केवल उसके आकार या आकर्षक ढांचे से तय नहीं होती। खरीदारों का भरोसा, परियोजना से जुड़ी स्पष्ट जानकारी, निर्धारित सुविधाएं और आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता भी अहम भूमिका निभाते हैं। घर खरीदने वाले परिवारों के लिए यह जरूरी है कि वे निवेश से पहले परियोजना की कानूनी स्थिति, स्वीकृतियों, उपलब्ध सुविधाओं और भुगतान संबंधी शर्तों की जांच करें। इससे उन्हें अपने बजट और जरूरतों के अनुसार सही निर्णय लेने में मदद मिलती है।



बरनाला के शहरी विकास में आवासीय परियोजनाओं की भूमिका

बरनाला जैसे शहरों में बदलती जीवनशैली के साथ व्यवस्थित आवासीय क्षेत्रों की जरूरत भी बढ़ रही है। बेहतर आवासीय सुविधाएं न केवल परिवारों के दैनिक जीवन को सुविधाजनक बना सकती हैं, बल्कि शहर के विकास को भी गति देने में योगदान कर सकती हैं। ओसवाल टाउनशिप के प्रमोटर रोहित जिंदल और खुशहाल सिंगला शीतू का दृष्टिकोण आवासीय विकास को परिवारों की जरूरतों से जोड़ने पर केंद्रित है।

आधुनिक सुविधाओं, उचित कीमतों और खरीदारों की संतुष्टि के बीच संतुलन स्थापित करना इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अंततः, किसी भी आवासीय परियोजना की वास्तविक सफलता इस बात से तय होती है कि वहां रहने वाले परिवारों को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण और बेहतर जीवनशैली मिलती है या नहीं। बरनाला में आवासीय विकास की बदलती तस्वीर के बीच खरीदारों की जरूरतों और भरोसे को प्राथमिकता देना भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

गुरुद्वारा गढ़ी भौरखा साहिब माजरी ब्लॉक में 25 अक्टूबर को लगेगा मुफ्त मेडिकल कैंप

न्यू चंडीगढ़, (हरतेज तेजी): अकाली दल वारिस पंजाब की ओर से गुरुद्वारा गढ़ी भौरखा साहिब, माजरी ब्लॉक में 25 अक्टूबर को एक विशाल मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए शिवचरण सिंह भंगू ने बताया कि 25 अक्टूबर को गुरु घर (माजरी ब्लॉक) में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा शरीर की सभी बीमारियों और आंखों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही मरीजों की डॉक्टरी जांच-पड़ताल के बाद उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

CMYK